संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | देहरादून, शनिवार, 14 अक्टूबर 2023 | ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

एक्शन इंडिया

वर्ष: 14 अंक: 275 पृष्ठ: 08 | RNI : UTTHIN/2009/31653

actionindiaddn@gmail.com | उत्तराखंड संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए।

फास्ट न्यूज

देश हित की बलि देना कांग्रेस के डीएनए में: सीएम हिमंत

गुवाहाटी: असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा कभी खुद कांग्रेसी रह चुके हैं, लेकिन भाजपा का दामन थामने के बाद हिमंत कांग्रेस पर हमला करने का कोई मौका नहीं गंवाते। ताजा घटनाक्रम में सीएम हिमंत ने कहा, कांग्रेस को अफगानिस्तान और पाकिस्तान में गठबंधन सरकार बनानी चाहिए। उन्होंने इस्राइल और हमास के बीच चल रहे संघर्ष को लेकर फलस्तीन के समर्थन में प्रस्ताव पारित करने को लेकर हमला बोला।

फलस्तीन पर बात करने पर नसीहत: असम के जोरहाट में संवाददाताओं से हिमंत ने कहा, फलस्तीन के बारे में बोलने से पहले कांग्रेस को इस्राइल पर हमास के 'आतंकवादी' हमले की निंदा करनी चाहिए थी। उन्होंने कहा, "उन्हें महिलाओं और बच्चों को बंधक बनाने के लिए हमास की आलोचना करनी चाहिए थी और फिर फलस्तीन के बारे में बात करनी चाहिए थी।"

पितृ पक्ष के बाद कांग्रेस जारी करेगी उम्मीदवारों की सूची

नई दिल्ली। कांग्रेस पांच राज्यों के आगामी विधानसभा चुनावों को लेकर लगातार बैठक कर रही है। इसी क्रम में मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव को लेकर शुक्रवार को कांग्रेस की केंद्रीय चुनाव समिति (सीडब्ल्यूसी) की पार्टी मुख्यालय में बैठक हुई। बैठक के बाद मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि आज बैठक में मध्य प्रदेश विधानसभा की 60 सीटों को लेकर चर्चा हुई है। फिलहाल कोई निर्णय नहीं लिया गया है। आने वाले दिनों में पुन: इस विषय पर सीडब्ल्यूसी की बैठक होगी। कमलनाथ ने कहा कि कांग्रेस पितृ पक्ष के बाद ही उम्मीदवारों की अपनी पहली लिस्ट जारी करेगी। मध्य प्रदेश कांग्रेस प्रभारी रणदीप सिंह सुरजेवाला ने कहा कि आज केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक कांग्रेस मुख्यालय दिल्ली में आयोजित की गई। इस दौरान मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव और उम्मीदवारों को लेकर चर्चा हुई। इस बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पूर्व पार्टी अध्यक्ष राहुल गांधी सहित अन्य पार्टी पदाधिकारी मौजूद रहे।

युद्ध किसी के हित में नहीं: मोदी

= मानवता के सामने जो बड़ी चुनौती है, उसका समाधान बंटी हुई दुनिया नहीं दे सकती: पीएम मोदी

शांति का आह्वान

8 संघर्ष की वजह से आज दुनिया संकटों से जूझ रही है। यह किसी के भी हित में नहीं है: पीएम मोदी

टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली
प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को यशोभूमि अधिवेशन केंद्र में जी20 के सदस्य देशों की संसदों के पीठासीन सभापतियों (पी20) के नौवें सम्मेलन का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि यह समिट एक प्रकार से दुनिया भर की अलग-अलग संसदीय प्रथाओं का महाकुंभ है। आप सभी प्रतिनिधि अलग-अलग संसदीय कार्यशैली के अनुभवी हैं। आपका इतने समृद्ध लोकतांत्रिक अनुभवों के साथ भारत आना हम सभी के लिए बहुत सुखद है। पीएम मोदी ने इस्राइल में उपजे संकट का नाम लिए बिना कहा कि दुनिया के अलग कोनों में जो कुछ भी घट रहा है, उससे आज कोई भी अछूता नहीं है। संघर्ष की वजह से आज दुनिया संकटों से जूझ रही है। यह किसी के भी हित में नहीं है। मानवता के सामने जो बड़ी चुनौती है, उसका समाधान बंटी हुई दुनिया नहीं दे सकती। यह शांति और भाईचारे का समय है। साथ आगे बढ़ने का समय है। यह सबके विकास और कल्याण का समय है। हमें वैश्विक विश्वास के संकट को दमर करना होगा और मानव केंद्रित सोच पर आगे बढ़ना होगा। हमें विश्व को एक पृथ्वी, एक परिवार और एक भविष्य के साथ आगे बढ़ाना होगा। पीएम मोदी ने कहा कि करीब 20 साल पहले आतंकवादियों ने हमारी संसद को निशाना बनाया था। उस समय संसद का सत्र चल रहा था और आतंकवादियों की मंशा सांसदों को बंदी और उनको खत्म करने की थी। दुनिया को भी एहसास हो रहा है कि आतंकवाद दुनिया के लिए कितनी बड़ी चुनौती है। आतंकवाद जहां भी होता, किसी भी कारण, किसी भी रूप में होता वह मानवता के विरुद्ध होता है। ऐसे में आतंकवाद को लेकर हम सभी को सख्ती बरतनी होगी। आतंकवाद की परिभाषा को लेकर आम सहमति ना बन पाना बहुत दुखद है। आज भी यूएन भी इसका इंतजार कर रहा है। दुनिया के इसी रवैया का फायदा मानवता के दुश्मन उठा रहे हैं। दुनिया भर के प्रतिनिधियों को सोचना होगा की आतंकवाद के खिलाफ हम कैसे काम कर सकते हैं।

हम लोग आम चुनाव को सबसे बड़ा पर्व मानते हैं: पीएम मोदी

पीएम मोदी ने कहा, 'अगले साल भारत में फिर एक बार आम चुनाव होने जा रहा है। मैं पी20 शिखर सम्मेलन में आए आप सभी प्रतिनिधियों को अगले साल होने वाले आम चुनाव को देखने के लिए अग्रिम निमंत्रण देता हूं। भारत को आपकी फिर से मेजबानी करने में बहुत खुशी होगी।

हम लोग आम चुनाव को सबसे बड़ा पर्व मानते हैं: उन्होंने कहा कि भारत में हम लोग आम चुनाव को सबसे बड़ा पर्व मानते हैं। 1947 में आजादी मिलने के बाद से अब तक भारत में 17 आम चुनाव और 300 से अधिक विधानसभा चुनाव हो चुके हैं। भारत दुनिया का सबसे बड़ा चुनाव ही नहीं कराता, बल्कि इसमें लोगों की भागीदारी भी बढ़ रही है। देशवासियों ने मेरी पार्टी को लगातार दूसरी बार विजयी बनाया है। 2019 का आम चुनाव मनाव इतिहास की सबसे बड़ी मानव कसरत थी। इसमें 60 करोड़ वोटर ने हिस्सा लिया। तब भारत में 91 करोड़ पंजीकृत मतदाता थे, जो पूरे यूरोप की कुल आबादी से अधिक है। यह दिखाता है कि भारत में लोगों का संसदीय प्रक्रियाओं में कितना भरोसा है।

ओम बिरला ने प्रतिनिधियों का स्वागत किया: इससे पहले लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने 9वें जी20 संसदीय अध्यक्ष शिखर सम्मेलन (पी20) में प्रतिनिधियों का स्वागत किया। इसके बाद उन्होंने सम्मेलन (पी20) को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि ये अत्यंत गौरव का विषय है कि भारत की अध्यक्षता में जी 20 लीडर समिट में नई दिल्ली डिक्लेरेशन को सर्वसम्मति से स्वीकार किया गया।

फलस्तीनियों ने गाजा छोड़ने से किया इनकार

टीम एक्शन इंडिया/तेल अवीव
हमास के खिलाफ जारी जंग में अमेरिका खुलकर इजरायल के साथ खड़ा है। अमेरिकी रक्षा मंत्री इजरायल पहुंच गए हैं, जहां उन्होंने अपने इजरायली समकक्ष के साथ मुलाकात की। इजरायल ने गाजा पट्टी सीमा पर टैंकों को तैनात कर दिया है। उसने गाजा में रहने वाले लोगों को जल्द से जल्द दूसरी जगह पर जाने का अल्टीमेटम दिया है। हमास ने सात अक्टूबर को इजरायल पर हमला कर दिया, जिसके जवाब में इजरायल ने भी युद्ध का एलान कर दिया। दोनों के बीच जंग जारी है। इस बीच गाजा पट्टी की सीमा पर इजरायल के जवान टैंक के साथ तैनात हैं। इजरायल ने गाजा में रहने वाले लोगों को अल्टीमेटम दे दिया है कि वे जितनी जल्दी हो सके, यहां से कहीं दूसरी जगह चले जाएं। वरना हमले में उनको अपनी जान गंवानी पड़ सकती है। गाजा में फलस्तीनियों ने गाजा छोड़ने से इनकार कर दिया। उनका कहना है कि चाहे कुछ भी हो जाए, हम गाजा में ही रहेंगे। बता दें, इजरायल ने क्षेत्र के उत्तर में फंसे हुए एक मिलियन से अधिक फलस्तीनियों को संभावित जमीनी हमले से पहले दक्षिण की ओर जाने का आदेश दिया था। फलस्तीन के स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक, कब्जे वाले वेस्ट बैंक में गाजा के साथ एकजुटता दिखाने के लिए आयोजित रैलियों के दौरान इजरायल की तरफ से की गई गोलीबारी में शुक्रवार को पांच फलस्तीनी मारे गए। न्यूज एजेंसी एएफपी ने यह जानकारी दी।

महाराष्ट्र में विधायकों की अयोग्यता केस में सुप्रीम कोर्ट नाराज

टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली
शिवसेना नेता एकनाथ शिंदे ने जून 2022 में पार्टी से बगावत की थी। इसके बाद शिंदे ने भाजपा के साथ मिलकर राज्य में सरकार बनाई और खुद मुख्यमंत्री बन गए। इसके बाद शिंदे ने शिवसेना पर अपना दावा कर दिया। महाराष्ट्र में विधायकों के अयोग्यता (डिसक्वालिफिकेशन) मामले पर सुप्रीम कोर्ट में शुक्रवार 13 अक्टूबर को सुनवाई हुई। कोर्ट ने इस मामले में लगातार हो रही देरी पर महाराष्ट्र स्पीकर पर नाराजगी जताई। कोर्ट ने कहा कि कोई उन्हें (स्पीकर राहुल नार्वेकर) समझाए कि वे हमारे आदेश का उल्लंघन नहीं कर पाएंगे। कोई भी कार्यवाही महज दिखावा नहीं हो सकती। सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस

जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की बेंच इस केस की सुनवाई कर रही है। इस मामले में स्पीकर नार्वेकर की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता, उद्धव ठाकरे की ओर से एडवोकेट कपिल सिब्बल और अभिषेक मनु सिंघवी पेश हुए। वहीं, शिंदे गुट की ओर से एडवोकेट मुकुल रोहतगी ने कोर्ट में दलीलें रखीं।

फटकार

8 कोई स्पीकर को समझाए कि हमारे आदेश का उल्लंघन नहीं कर सकते: सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़

प्रक्रिया में देरी से नाराज दिखे चीफ जस्टिस: चीफ जस्टिस चंद्रचूड़ ने नाराजगी जताते हुए कहा, 'अयोग्यता याचिकाओं पर फैसला अगले विधानसभा चुनाव से पहले आ पाएगा या नहीं, या फिर पूरी प्रोसेस नाकाम हो जाएगी।' महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव अगले साल (2024) में सितंबर-अक्टूबर में होना है।

26 हफ्ते की प्रेग्नेंसी; दावा- फरियादी मनोरोगी

नई दिल्ली: 26 हफ्ते की प्रेग्नेंसी को मेडिकली अबॉर्ट करने के केस में शुक्रवार 13 अक्टूबर को लगातार 5वें दिन सुनवाई हुई। दलीलें सुनने के बाद चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की बेंच ने निर्देश दिया कि एम्स के डॉक्टर्स का बोर्ड महिला की मानसिक और शारीरिक जांच करके उसकी मनोविकृत्ति का पता लगाए। चीफ जस्टिस ने यह भी कहा कि याचिकाकर्ता महिला को दोपहर 2 बजे बोर्ड के सामने पेश होना होगा। इसके बाद बोर्ड रिपोर्ट बनाए कि महिला को दी जा रही डिप्रेशन की दवाओं से भ्रूण को कैसे बचाया जा सकता है। मामले की अगली सुनवाई 16 अक्टूबर को सुबह 10.30 बजे होगी। इसी दिन एम्स बोर्ड को यह रिपोर्ट चीफ जस्टिस की बेंच में रखनी होगी।

'1984 के दंगों को कोई नहीं भूल सकता'

टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली। केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि 1984 के सिख विरोधी दंगों के पीड़ितों को न्याय मोदी सरकार आने के बाद ही मिलना शुरू हुआ। उन्होंने कहा कि दंगों से संबंधित 300 मामलों को फिर से खोला गया और प्रत्येक पीड़ित परिवार को पांच लाख रुपये का मुआवजा दिया गया। दरअसल, अमित शाह शुक्रवार को दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधन समिति के एक कार्यक्रम में हुए। इसी दौरान उन्होंने लोगों को संबोधित किया।

'मोदी सरकार ने बनाई एसआईटी': केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि 1984 के दंगों को कोई नहीं भूल सकता। मोदी सरकार के सत्ता में आने तक किसी को भी सजा नहीं मिली थी। कई जांच आयोग भी बने, लेकिन कोई

नतीजा नहीं निकला, लेकिन जब मोदी सरकार सत्ता में आई तो उसने एसआईटी बनाई और 300 मामलों को दोबारा खोला गया।

'दंगों के दोषियों को भेजा गया जेल': अमित शाह ने कहा कि दंगों के जो दोषी थे, उन्हें मोदी सरकार ने जेल भेजना शुरू किया है। इसके साथ ही, तीन हजार 328 पीड़ितों के परिजनों को पांच-पांच लाख रुपये का मुआवजा भी दिया गया।

साधा निशाना

8 दंगों के जो दोषी थे, उन्हें मोदी सरकार ने जेल भेजना शुरू किया है: केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री शाह

'मैं सिख धर्म की गुरु परंपरा को सिर झुकाकर नमन करता हूं': केंद्रीय गृह मंत्री ने सिख गुरुओं को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा- मैं सिख धर्म की गुरु परंपरा को सिर झुकाकर नमन करता हूं। नौवें गुरु तेगबहादुर का देश के लिए योगदान को कभी नहीं भुलाया जा सकता है। जब धर्म के लिए अपने जीवन का बलिदान देने की बात आती है, एक सच्चा सिख कभी पीछे मुड़कर नहीं देखता।

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ संसद भवन में आए हरियाणा के किसानों को सम्मानित करते हुए। इस मौके पर हरियाणा के कृषि मंत्री जेपी दलाल भी मौजूद रहे।

मणिपुर में फिर हिंसा, हमलावरों की गोलीबारी में तीन घायल

इंफाल: मणिपुर में गुरुवार को हमलावरों की फायरिंग में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना पूर्वी इंफाल में कांगपोकपी जिले के सबुंगखोक खुनोउ की है। यहां हथियार से लैस उपद्रवियों ने ग्रामीणों पर हमला कर दिया। अधिकारियों ने बताया कि घटना सुबह करीब 3 बजे की है। हमलावरों ने मैदान में रखे ईंटों के पीछे छिपकर ताबड़तोड़ गोलियां चलाईं। घायलों को इंफाल के राज मेडिसिटी और लिटिल क्लिनिक ले जाया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है।

सांसद संजय सिंह की ज्यूडिशियल कस्टडी 27 अक्टूबर तक बढ़ी

टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली
दिल्ली शराब नीति केस में आप सांसद संजय सिंह की न्यायिक हिरासत राउज एवेन्यू कोर्ट ने 14 दिन के लिए बढ़ा दी है। अब वे 27 अक्टूबर तक ज्यूडिशियल कस्टडी में रहेंगे। जज एम के नागपाल ने शुक्रवार को सिंह से कहा- कोर्ट परिसर में ऐसे मामलों का जिक्र न करें, जो केस से जुड़े न हों। सुनवाई खत्म होते ही संजय सिंह जैसे ही कोर्ट से बाहर आए मीडिया से कहा- मोदी जी इंडिया के नहीं, अडाणी के प्रधानमंत्री हैं। अडाणी के घोटालों की जांच कब होगी। इससे

पहले 10 अक्टूबर को हुई सुनवाई के दौरान भी कोर्ट ने संजय सिंह से मीडिया से बातचीत न करने की नसीहत दी थी। संजय सिंह ने कहा मैंने ईडी से अडाणी के मामले की शिकायत की थी, लेकिन एजेंसी ने कोई कार्रवाई नहीं की। कोर्ट- परिसर में ऐसे मामलों का जिक्र न करें, जो केस से जुड़े न हों। अगर आपको अडाणी और मोदी के बारे में भाषण देना है तो मैं आपकी पेशी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए कराने के लिए कहूंगा। संजय सिंह- ईडी ने हिरासत में पूछताछ के दौरान मुझसे केस से जुड़े सवाल नहीं पूछे। ईडी ने बस ये पूछा कि मैंने मां से पैसे क्यों लिए? पत्नी के खाते में 10 हजार रुपए क्यों भेजे?

राहत

8 मोदी इंडिया नहीं अडाणी के पीएम, उनकी जांच कब होगी: संजय, कोर्ट ने मीडिया से बातचीत न करने की नसीहत दी

सख्ती

सीएम योगी ने दिए सख्त आदेश- कोई भारत के खिलाफ बोले तो तुरंत करें कार्रवाई

इजरायल-फलिस्तीन विवाद पर यूपी में हाई अलर्ट!

टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ
इजरायल-फलिस्तीन विवाद को लेकर उत्तर प्रदेश सरकार अलर्ट मोड में आ गई है। अंतर्राष्ट्रीय मुद्दा होने के बावजूद उत्तर प्रदेश सरकार इस संबंध में बयानबाजी करने वालों पर नजर रख रही है। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस संबंध में सख्त निर्देश जारी किए हैं कि इजरायल-फलिस्तीन विवाद में भारत के पक्ष का विरोध करने अथवा इसके खिलाफ बयान देने वालों पर तुरंत कठोर कार्रवाई की जाए। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि पुलिस अधिकारी इजरायल-फलिस्तीन

विवाद को लेकर भी पूरी सतर्कता बरतें।
जिलों में धर्मगुरुओं से तत्काल संवाद करें। इस मामले में भारत सरकार के रुख के विपरीत किसी तरह की गतिविधि स्वीकार नहीं की जाएगी। योगी ने कहा कि इंटरनेट मीडिया अथवा धर्मस्थल, कहीं से भी किसी भी प्रकार का उन्मादी बयान वायरल न हो और किसी स्तर पर भी ऐसा कुत्सित प्रयास होने की दशा में तत्काल कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

जुमे की नमाज को लेकर सतर्कता बरतने के निर्देश: उन्होंने कहा कि इंटरनेट मीडिया पर वायरल होने वाले संदेशों की निरंतर कड़ी निगरानी की जाए। मुख्यमंत्री ने शुक्रवार को जुमे की नमाज को लेकर भी अतिरिक्त सतर्कता बरते जाने के निर्देश दिए।

'तारीख पर तारीख' की प्रवृत्ति बर्दाश्त नहीं: सीएम योगी ने कहा कि इसके अलावा, देवरिया में भूमि विवाद में छह लोगों की हत्या के मामले में लापरवाह अधिकारियों पर कार्रवाई के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राजस्व वादों के निस्तारण को लेकर बेहद कड़ा रुख अपनाया है।

दो टूक

8 इस मामले में भारत सरकार के रुख के विपरीत किसी तरह की गतिविधि स्वीकार नहीं की जाएगी: योगी

जम्मू-कश्मीर में फिलिस्तीन के समर्थन में प्रदर्शन: अमेरिका-इजराइल मुर्दाबाद के नारे लगे

टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली
इजराइल और फिलिस्तीन के बीच जारी जंग के बीच 13 अक्टूबर को जम्मू-कश्मीर में फिलिस्तीन के समर्थन में प्रदर्शन हुआ। जुमे की नमाज के बाद बड़गाम में लोगों ने प्रदर्शन किया। इस दौरान अमेरिका और इजराइल के विरोध में नारेबाजी भी हुई। इससे जुड़ा एक वीडियो भी सामने आया है। जिसमें प्रदर्शनकारियों को इजराइल मुर्दाबाद, नारा-ए-तकबीर... अल्लाह हू अकबर और एक से बढ़कर जलील... अमेरिका-इजराइल जैसे नारे लगाते सुना जा सकता है। प्रदर्शनकारी अपने हाथों

में पोस्टर लिए हैं, जिसमें फिलिस्तीन के समर्थन और इजराइल, अमेरिका के विरोध में स्लोगन लिखे हैं। एक पोस्टर में लिखा है- फिलिस्तीन और गाजा में हमारे बहन और भाइयों की रक्षा करो।

अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी में फिलिस्तीन के समर्थन में रैली हुई थी
इससे पहले 9 अक्टूबर को अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी के छात्रों ने फिलिस्तीन के समर्थन में रैली निकाली थी। कैंपस में निकाली गई इस रैली में करीब 400 स्टूडेंट शामिल हुए। इसमें फ्री फिलिस्तीन, नारा-ए-तकबीर...अल्लाह हू अकबर। ला इल्लाह इल अल्लाह जैसे नारे लगाए। पुलिस ने इस मामले में 4 लोगों को नामजद करते हुए एफआईआर दर्ज की है। स्टूडेंट्स ने मांग की- फिलिस्तीन को फ्री किया जाए। वहां जुल्म हो रहे हैं।

मुख्यमंत्री धामी ने की कॉर्बेट टाइगर रिजर्व में सैर, वन सुरक्षा कर्मियों का बढ़ाया हौसला

देहरादून/टीम एक्शन इंडिया
मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को जिम कॉर्बेट टाइगर रिजर्व में सैर की। इस दौरान उन्हें टाइगर के दीदार भी हुए। मुख्यमंत्री ने वहां मौजूद पर्यटकों के साथ बातचीत भी की।
मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी बीती देर रात्रि रामनगर पहुंचे। शुक्रवार सुबह कॉर्बेट पार्क झिरना फॉरेस्ट रेंज में सैर करने पहुंचे। इस दौरान गेट पर खड़े पर्यटकों का अभिवादन स्वीकार किया और पार्क के अंदर जाते हुए ही हिरन का पीछा करते टाइगर का दृश्य देख रोमांचित हुए। वहां खड़े पर्यटक भी अपने बीच सफारी

वाइल्ड लाइफ ड्रेस पहने मुख्यमंत्री धामी को देख हैरान हो गए। बिना किसी सुरक्षा तंत्र के मुख्यमंत्री पुष्कर धामी ने यहां भी पर्यटकों के साथ टाइगर पर्यटन के बारे में चर्चा की।
मुख्यमंत्री ने झिरना विश्राम गृह में अल्प विश्राम किया और गश्त करने वाले फॉरेस्ट कर्मियों के साथ चाय पी। मुख्यमंत्री ने सुरक्षा निगरानी के लिए ड्यूटी करने वाले हाथियों को भोजन भी खिलाया। मुख्यमंत्री ने कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के निदेशक डॉ धीरज पांडेय के साथ कॉर्बेट टाइगर प्रशासनिक प्रबंध के विषय में भी जानकारी ली। खास तौर पर कॉर्बेट से लगे गांवों के बारे चिंता व्यक्त करते हुए वहां सामुदायिक रोजगार शुरू करने और उनके उत्पादों की मार्केटिंग करने के लिए भी कहा। सीएम धामी ने फॉरेस्ट के अधिकारियों डीएफओ तराई पश्चिम प्रकाश आर्य, रामनगर फॉरेस्ट डिवीजन के दिगांत नायक , मुख्यमंत्री के विशेष सचिव डा पराग धकाते के साथ प्रशासनिक चर्चा की।

मॉल रोड पर पोल से टकराई बाइक

हादसा

8 बताया गया कि तीनों शराब के नशे में थे और अत्यधिक तेज गति से बाइक चला रहे थे

नैनीताल/टीम एक्शन इंडिया
नगर के मॉल रोड पर गुरुवार की रात्रि तेज रफ्तार बाइक एक पोल से टकरा गई। हादसे में बाइक सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। इनमें से दो लोगों की गंभीर हालत को देखते हुए रेफर कर दिया गया है।
बताया कि मॉल रोड पर एक तेज गति से फरार्टा भरती एक बाइक मल्लीताल से तल्लीताल की ओर आ रही थी। मॉल रोड पर पर्यटन कार्यालय के पास सामने से दो लड़के व एक लड़की सड़क के दायीं ओर टहलते हुये आ रहे थे। इस ओर पहले से कम से तीन

वाहन भी सड़क की सफेद पट्टी से बाहर खड़े थे। संभवता इन्हें देखकर बाइक चालक अपना नियंत्रण खो बैठा और बाइक सड़क पर खड़े अन्य दो पहिया वाहनों से टकराते हुए बिजली के पोल से टकरा गयी। इनमें स्टोनले कंपाउंड तल्लीताल निवासी 25 वर्षीय सूरज, 28 वर्षीय अशोक और 38 वर्षीय संदीप कुमार आर्या घायल हो गए। इनमें से सूरज के सिर की हड्डी तक टूट गयी है। सूरज के भी सिर में चोट है। इन दोनों को उच्च केंद्र के लिए रेफर किया गया है। जबकि तीसरे बाइक सवार संदीप के बांये पैर में फ्रेक्चर हुआ है। बताया गया कि तीनों शराब के नशे में थे और अत्यधिक तेज गति से बाइक चला रहे थे। इस दुर्घटना का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसके अनुसार 12 अक्टूबर की रात्रि 11 बजकर 3 मिनट पर दुर्घटना हुई है।

चोरी की स्कूटी के साथ एक गिरफ्तार

हरिद्वार/टीम एक्शन इंडियो
कोतवाली लक्सर क्षेत्र के सुल्तानपुर घर के बाहर से स्कूटी चोरी के आरोप में पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। उसके पास से चोरी की स्कूटी और एक चाकू बरामद किया है। पुलिस ने आरोपित का चालान कर दिया है। जानकारी के मुताबिक कोतवाली लक्सर क्षेत्र के सुल्तानपुर निवासी मो. फिरोज पुत्र मो. असलम की 10 अक्टूबर की शाम को घर के बाहर खड़ी स्कूटी चोरी हो गई थी। फिरोज ने 12 अक्टूबर को केस दर्ज कराया था। पुलिस ने चोरी की स्कूटी के साथ मोनू पुत्र मोतीराम निवासी भारतीय स्टेट बैक के पास कस्बा लक्सर जनपद हरिद्वार को बेगमपुर लक्सर के पास से गिरफ्तार कर लिया।

लावारिश पशुओं को लेकर कांग्रेस का नगर निगम पर प्रदर्शन

लावारिस पशु

8 लावारिस पशु जैसे- गाय, सांड खुले आमघूम रहे हैं, जिस कारण आएदिन दुर्घटनायें हो रही हैं।

ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया
महानगर कांग्रेस कमेटी ने सड़कों पर लावारिस पशु को हटाये जाने के लिए शुक्रवार को नगर निगम पर प्रदर्शन किया और मुख्य नगर आयुक्त को एक बदिया।
इस मौके पर महानगर अध्यक्ष राकेश सिंह व पूर्व विधायक उम्मीदवार जयेंद्र रमोला ने कहा कि निगम क्षेत्र के अन्तर्गत सडकों पर लावारिस पशु जैसे- गाय, सांड

खुले आमघूम रहे हैं, जिस कारण आएदिन दुर्घटनायें हो रही हैं। इसी तरह हर गली मोहल्ले की सड़कों पर लावारिस कुत्ते घूमते हैं, जो लोगों पर हमला कर चोटिल कर रहें हैं। बन्दरों का भी आतंक है। उन्होंने कहा कि इन लावारिस पशुओं की वजह से लोगों पर जान का खतरा मंडरा रहा है, लेकिन निगम प्रशासन इस समस्या के निराकरण के लिये कोई भी प्रयास नहीं कर रहा है।
पूर्व पालिका अध्यक्ष दीप शर्मा व यूथ कांग्रेस प्रदेश महासचिव इमरान सैफी ने कहा कि हम समस्त महानगर कांग्रेस मांग करती है कि नगर निगम इस गंभीर समस्या का शीघ्र संज्ञान ले और समस्या का समाधान करे। अन्यथा की स्थिति में कांग्रेस आंदोलन को बाध्य होगी, जिसकी समस्त जिम्मेदारी नगर निगम प्रशासन की होगी । ज्ञापन देने में प्रदेश सचिव मदन मोहन शर्मा, पार्षद जगत सिंह नेगी, पार्षद भगवान सिंह पंवार, पार्षद पुष्पा मिश्रा, पार्षद शकुंतला शर्मा, पार्षद देवेंद्र प्रजापति, सुधीर राय, मनीष जाटव, सिंह राज पोसवाल, नेता प्रतिपक्ष मनीष शर्मा, महन्त विनय सारस्वत, रवि सिंहल, प्यारे लाल जुगरान और वैशाख सिंग आदि मौजूद थे।

संक्षिप्त खबरें

बनियाकुंड में अवैध कब्जों पर चला प्रशासन का बुलडोजर

गुप्तकाशी/टीम एक्शन इंडिया
वन प्रभाग रुद्रप्रयाग अगस्त्यमुनि रेंज के आरक्षित वन क्षेत्र चोपता क्षेत्रांतर्गत बनियाकुंड में शुक्रवार को वन विभाग, जिला प्रशासन ने पुलिस की मदद से अवैध कब्जे पर बुलडोजर चलवा दिया। यह जानकारी प्रभागीय वनाधिकारी रुद्रप्रयाग अभिमन्यु ने दी।
उन्होंने बताया कि रुद्रप्रयाग वन प्रभाग ने भारतीय वन अधिनियम के अंतर्गत चिन्हित व्यक्तियों के विरुद्ध बेदखली की कार्यवाही की। इन अवैध अतिक्रमणकारियों को 2 वर्ष में कई अवसर दिए गए, लेकिन अवैध कब्जा नहीं हटाया गया। नैनीताल हाई कोर्ट के निर्देशों के अनुपालन में राष्ट्रीय एवं राजमार्ग के समीप वन क्षेत्र में किए गए अतिक्रमण को हटाने के लिए नियमानुसार कार्यवाही की जा रही है। उन्होंने बतायाकि अतिक्रमण के विरुद्ध की गई कार्यवाही के तहत लगभग 15-20 व्यक्तियों के अप्राधिकृत अध्यासनों से लगभग 200 मीटर आरक्षित वन भूमि पर कब्जा कर रखा था। उन्होंने बताया है कि संबंधित अवैध कब्जाधारियों को पूर्व में ही अपने ढाबा,रेस्टोरेंट आदि प्रतिष्ठानों को हटाए जाने के संबंध में अवगत कराया गया था। कब्जाधारियों ने स्वयं अपना सामान हटाया गया, जिसके बाद विभाग ने पक्के किए गए अवैध कब्जे को गिरवा दिया। इस अवसर पर तहसीलदार ऊखीमठ दीवान सिंह राणा, रेंज क्षेत्राधिकारी अगस्त्यमुनि यशवंत सिंह चौहान, खांकरा दिनेश चंद्र जोशी, रुद्रप्रयाग संजय कुमार, थानाध्यक्ष ऊखीमठ सुरेश चंद्र बलूनी सहित वन विभाग, राजस्व विभाग सहित भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा।

नाबालिग से दुष्कर्म के दोषी को 20 वर्ष कैद की सजा

हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया
15 वर्षीय लड़की से लगातार दुष्कर्म करने के मामले में विशेष न्यायाधीश पोक्सो, अपर जिला जज प्रतिभा तिवारी ने आरोपित को दोषी पाते हुए 20 वर्ष के कठोर कारावास व 50 हजार रुपये जुमार्ने की सजा सुनाई है। शासकीय अधिवक्ता आदेश चौहान ने बताया कि सात जून 2022 कोतवाली गंगनहर रुड़की क्षेत्र के गांव में एक नाबालिग लड़की को आरोपित रिश्तेदार घुमाने के बहाने अपने घर ले गया था। काफी देर तक पीड़िता अपने घर नहीं लौटी तो उसकी माता के तलाश करने पर पीड़िता आरोपित रिश्तेदार के घर पर उसके साथ संदिग्ध अवस्था में मिली थी। उस समय पीड़िता ने अपने परिजनों को बताया कि एक वर्ष से आरोपित युवक उसे शादी का झांसा देकर लगातार दुष्कर्म करता आ रहा है। आरोपित रिश्तेदार पर पीड़िता ने अश्लील वीडियो व फोटो वायरल करने की धमकी देने का आरोप लगाया था। पुलिस ने पीड़िता की माता की शिकायत पर आरोपित सहबान निवासी ग्राम पनियाला चंदापुर कोतवाली गंगनहर रुड़की के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। वादी पक्ष ने साक्ष्य में छह गवाह पेश किए। दोनों पक्षों को सुनने के बाद न्यायालय ने अभियुक्त को 20 वर्ष की कठोर कैद व 50 हजार रुपये के जुमार्ने की सजा सुनाई है।

प्रधानमंत्री का दौरा कुमाऊं मंडल के लिए ऐतिहासिक साबित होगा: सुरेश भट्ट

हल्द्वानी/टीम एक्शन इंडियो
राज्य स्तरीय राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य एवं अनुश्रवण परिषद के उपाध्यक्ष सुरेश भट्ट ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का गत दिवस का दौरा कुमाऊं मंडल के लिए ऐतिहासिक साबित होगा। भट्ट ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के आदि कैलाश एवं जागेश्वर धाम के दर्शन से विश्व पर्यटन के मानचित्र पर दोनों धार्मिक पर्यटन स्थल स्थापित होंगे। शुक्रवार को भट्ट ने प्रधानमंत्री को 4200 करोड़ की परियोजनाओं की सौगात देने पर उनका आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री का यह दौरा उत्तराखंड को विकास की नई दिशा देने के साथ धार्मिक एवं पर्यटन के क्षेत्र में ऐतिहासिक पहचान देने वाला रहा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का आदि कैलाश और जागेश्वर धाम आने से इस क्षेत्र की नई धार्मिक एवं सांस्कृतिक पहचान बनेगी। केदार खंड की तरह ही मानस खंड में भी पर्यटन तीर्थाटन को नए पंख लगेंगे। भट्ट ने कहा कि आने वाले दिनों में पर्यटन और तीर्थाटन के लिहाज से मानस खंड नई पहचान बनाएगा और इस क्षेत्र का आर्थिक चक्र और मजबूत होगा तथा लोगों को रोजगार के अवसर मिलेंगे। भट्ट ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का भी आभार जताया है।

तीर्थ पुरोहितों ने किया इजराइल का समर्थन, मृतकों की शांति के लिए किया गंगा में दीपदान

इजराइल हमला

8 दीपांशु पुरी एवं आकाश ने कहा कि भारत का हर नागरिक इजराइल के साथ खड़ा हैं

हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया
युवा तीर्थ पुरोहितों ने शुक्रवार को हरकी पौड़ी के निकट रामघाट पर इजराइल का समर्थन करते हुए, वहां हमास के हमले में मारे गए निरपराध नागरिकों की मृत आत्माओं की शांति वा मोक्ष के लिए मां गगा से प्रार्थना की व दीप दान किया।
इस अवसर पर तीर्थ पुरोहित उज्ज्वल पंडित ने कहा कि जिस प्रकार से हमास के आतंकियों द्वारा इजराइल के निरपराध नागरिकों की जघन्य हत्याएं की गईं, मानवीय मूल्यों को तार तार करते हुए इजराइल पर हमला किया गया है, वह क्षमा योग्य नहीं हैं। उन्होंने गंगा जी से इजराइल को शक्ति मिलने और हमास का सर्वनाश होने की प्रार्थना की। तीर्थ पुरोहित सुमित श्रीकुंज व रोहित सिखौला ने कहा कि जो लोग हमास का समर्थन कर रहे हैं, वो मानवता के विरोधी हैं। ऐसे लोग आतंकवाद का समर्थन कर विश्व में आशांति चाहते हैं। सभी लोगों को इजराइल का समर्थन करना चाहिए, जिससे हमास जैसी राक्षसी शक्तियों का सर्वनाश हो सके।दीपांशु पुरी एवं आकाश ने कहा कि भारत का हर नागरिक इजराइल के साथ खड़ा हैं और भगवती गंगा जी से प्रार्थना करते हैं कि इजराइल का समर्थन करने वाले हर देश व नागरिक को शक्ति दें। हमास द्वारा किया गया हमला मानवता को शर्मशार करने वाला है। उन्होंने कहा कि बच्चों के गले काट दिए गए, महिलाओं बलात्कार कर हत्याएं की गईं। तीन हजार से ज्यादा इजराइली नागरिकों को मार दिया गया।

`दिन में सड़क पर आया हाथियों का झुंड, लोगों में मचा हडकंप

हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया
भेल मध्य मार्ग पर सेक्टर 2 के शुक्रवार को दिन में आठ दस हाथियों का झुंड के सड़क पर आ जाने से हड़कंप मच गया। सड़क पर हाथियों के झुंड को देखकर राहगीरों की सांसें अटक गई और कई लोग अपने वाहनों को छोड़ भाग खड़े हुए। सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंच कर लोगों को सतर्क किया।
हाथियों के हमले से सड़कों पर खड़े कई वाहन क्षतिग्रस्त हुए। काफी देर बाद हाथियों के जंगल में जाने के बाद यातायात सुचारू हुआ।

उत्तराखंड के दो नागरिकों की सुरक्षित वापसी

ऑपरेशन अजय

8 इजरायल से यात्रियों को ऑपरेशन अजय के अंतर्गत विशेष विमान से शुक्रवार सुबह दिल्ली लाई

देहरादून/टीम एक्शन इंडिया
भारत सरकार इजरायल से यात्रियों को ऑपरेशन अजय के अंतर्गत विशेष विमान से शुक्रवार सुबह दिल्ली लाई। इसमें उत्तराखंड के दो नागरिक भी हैं। दोनों दिल्ली से देहरादून आ रहे हैं।
यह विशेष विमान शुक्रवार प्रातः 5:50 बजे दिल्ली पहुंचा। उत्तराखंड की आरती जोशी और आयुष मेहरा को राज्य सरकार के

प्रतिनिधि ने एयरपोर्ट पर रिसीव किया। इसके बाद दोनों अपने परिवार के साथ देहरादून के लिए रवाना हुए। स्थानिक आयुक्त उत्तराखंड ने बताया कि दोनों को एयरपोर्ट पर रिसीव कर उत्तराखंड सदन दिल्ली में ले जाया गया। वहां से उनके गंतव्य स्थान तक भेजने के लिए राज्य सड़क परिवहन से व्यवस्था की गई।

हिमालयीय विवि डोईवाला का मेगा योगा महोत्सव शुरू

ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया
हिमालयीय आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज के स्वस्थवृत्त एवं योग विभाग तथा हिमालयीय विश्वविद्यालय डोईवाला के स्कूल ऑफ योगिक साइंस एवं नेचुरोपैथी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित मेगा योगा महोत्सव में छात्र-छात्राओं ने सामूहिक रूप में 108 जल नेती एवं 108 नस्य कर्म किया गया। आगामी 10 नवंबर को आयोजित होने वाले 8वें राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस (धन्वंतरि जयंती) के अवसर पर एक माह तक चलने वाले प्रवेशक कार्यक्रम शुरू हो गए। इस अवसर पर जल नेती एवम् नस्य कर्म के लाभों के बारे में पंचकर्म विभाग प्रभारी डॉ गजानंद व डॉ विपिन भट्ट ने बताया।

बदरी-केदार के दर्शन को पहुंचीं रानी मुखर्जी

गोपेश्वर/टीम एक्शन इंडिया
फिल्म अभिनेत्री रानी मुखर्जी ने शुक्रवार को बदरीकेदार के दर्शन किए। बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति के पदाधिकारियों ने दोनों स्थानों पर उनका स्वागत कर उन्हें प्रसाद भेंट किया। शुक्रवार को पहले अभिनेत्री

रानी मुखर्जी केदारनाथ धाम पहुंचीं। यहां उन्होंने पूजा अर्चना की। इसके बाद रानी बदरीनाथ धाम पहुंचीं। बदरीनाथ पहुंचने पर बीकेटीसी के उपाध्यक्ष किशोर पंवार ने उनका स्वागत किया तथा भगवान बदरीविशाल का प्रसाद भेंट किया।

अमृत महोत्सव के तहत शुरू हुई अमृत कलश यात्रा

ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया
पंडित ललित मोहन शर्मा श्री देव सुमन उत्तराखंड विश्वविद्यालय परिसर में आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत 'मेरी माटी मेरा देश' अभियान के हिस्से के रूप में अमृत कलश यात्रा की शुरूआत की। अमृत कलश यात्रा का शुभारंभ परिसर के निर्देशक प्रो महावीर सिंह रावत ने अमृत कलश में मिट्टी डालकर किया। इस मौके पर प्रो सिंह ने कहा कि 'मेरी माटी मेरा देश' कार्यक्रम का उद्देश्य प्रत्येक व्यक्ति, परिवार को महान भारत के निर्माण के विचार से भावनात्मक रूप से जोड़ना है। इसके अन्तर्गत भारत के हर घर, वार्ड और गांवों से बर्तनों में मिट्टी

या अनाज इकट्ठा किया जाएगा, जिसका समापन 28 से 30 अक्टूबर के बीच नई दिल्ली में होगा।
इस मौके पर प्रो चतर सिंह नेगी ने कहा कि यह सिर्फ एक कार्यक्रम नहीं है, बल्कि व्यक्तियों के लिए भारत के भविष्य से जुड़ने और इसकी महानता में योगदान देने का एक साधन है। यह पहल उज्ज्वल भविष्य का मार्ग प्रशस्त कर भारत के समृद्ध इतिहास, संस्कृति और इसके नायकों के बलिदान को समाहित करती है। कार्यक्रम के संयोजक एवं वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी ने कहा कि देश प्रेम की भावना जागृत करने तथा देश की देश के वीर सपूतों के बलिदान को याद करने और उनके प्रति अपना सम्मान व्यक्त करने के उद्देश्य से अमृत कलश यात्रा निकाली जा रही है।

आज़ादी का अमृत महोत्सव
उत्तर रेलवे
ई-निविदा सूचना
भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य संकेत एवं दूर संचार अभियन्ता, गतिशक्ति, मुरादाबाद निम्नलिखित कार्य हेतु अनुभवी एवं स्थापित सक्षम ठेकेदारों द्वारा ई–निविदाएं (टू–पैकेट सिस्टम) आमंत्रित की जाती है:–

1.	**टेंडर सं. :** SnT-GSU-MB-02-2023-24 तारीख : 12.10.2023
2.	**कार्य का नाम :** "Provision of Double Distant in connection with Speed raising in MB-SRE section over Moradabad Division." (मुरादाबाद मंडल पर MB-SRE अनुभाग में गति बढ़ाने के संबंध में डबल डिस्टेंस सिग्नल का प्रावधान।)
3.	**कार्य पूरा करने की अवधि :** 11 (ग्यारह) माह
4.	**विज्ञापित मूल्य :** रु. 17,85,77,545.84/- (सत्रह करोड़ पिचासी लाख सतत्तर हजार पाँच सौ पैंतालीस रुपए चौरासी पैसा मात्र)
5.	**अग्रिम राशि :** रु. 10,42,900/- (दस लाख बयालीस हजार नौ सौ रुपए मात्र)
6.	**ऑफर की वैधता :** 90 दिन निविदा खुलने की तिथि से
7.	**ई-निविदा जमा करने की तारीख/समय एवं निविदा खुलने की तारीख :** निविदा दिनांक 24.10.2023 से 07.11.2023 को 15:00 बजे तक आई. आर. ई. पी. एस. के वेबसाइट www.ireps.gov.in पर अपलोड की जा सकती है। निविदा दिनांक 07.11.2023 को 16:00 बजे खोली जाएगी।
8.	**विस्तृत निविदा सूचना व प्रपत्र :** विस्तृत निविदा सूचना एवं निविदा आई. आर. ई. पी. एस. की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर 24.10.2023 से 07.11.2023 को 15:00 बजे तक अपलोड की जा सकती है।

ठेकेदारों को ई–निविदा सिस्टम में भाग लेने के लिये भारतीय रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in के अन्तर्गत पंजीकृत होना अनिवार्य है। समस्त नियम एवं शर्तें निविदा प्रपत्र में देखी जा सकती है। मैन्युअल निविदाएँ स्वीकृत नहीं की जायेंगी।
सं.: Dy.CSTE/GSU/MB/Publication-02/23-24 दिनांक: 13.10.2023 3184/2023
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

आज़ादी का अमृत महोत्सव
उत्तर रेलवे
निविदा सूचना
भारत के राष्ट्रपति की ओर से सीपीएम/जीएसयू/मुरादाबाद द्वारा ई–टेन्डर जिनके बन्द होने की तिथि 31.10.2023 है। निम्न टेन्डर संख्या के अन्तर्गत आमंत्रित किये जाते हैं जो उसी दिन 16:00 बजे तक प्राप्त किये जायेंगे। धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चैक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेन्डर से संबंधित अन्य जानकारी वैबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

टेन्डर संख्या दिनांक	11-GSU-MB-23-24 06.10.2023
कार्य का नाम	Improvement and alteration in goods shed at BRYC under Dy.CE/GSU/MB
टेन्डर क्लोसिंग दिनांक/समय	31.10.2023, 16:00
अनुमानित लागत	17073889.96
धरोहर राशि	235400.00
बिडिंग स्टार्ट तिथि	17.10.2023

नं. Dy.CE/GSU/MB/Publication-11/23-24 दिनांक-09.10.2023 3173/2023
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

डीएसबी परिसर में 'मेरी माटी मेरा देश' कार्यक्रम के तहत निकली कलश यात्रा

कार्यक्रम

8 प्रो. ललित तिवारी ने मेरी माटी-मेरा देश तथा कलश यात्रा के उद्देश्यों को समझाया।

नैनीताल/टीम एक्शन इंडिया
कुमाऊं विवि के मुख्यालय स्थित डीएसबी परिसर में शुक्रवार को ह्यमेरी माटी-मेरा देशह्न कार्यक्रम के अंतर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवियों तथा अन्य विद्यार्थियों ने कलश यात्रा निकाली। परिसर निदेशक प्रो.नीता बोरा की अध्यक्षता में अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने अपने घर से चावल एवं मिट्टी लाकर एक कलश में डाल कर ह्यपंच प्रणह्न प्रतिज्ञा ली। इस

मौके पर परिसर ओल्ड आर्ट्स के सभागार में कुमाऊं विश्वविद्यालय शिक्षक संघ (कूटा) के अध्यक्ष प्रो. ललित तिवारी ने ह्यमेरी माटी-मेरा देशह्न तथा कलश यात्रा के उद्देश्यों को समझाया। कार्यक्रम में कार्यक्रम में एनएसएस के कार्यक्रम समन्वयक डॉ. विजय कुमार, डॉ. दीपक आर्या, डॉ. ललित मोहन, डा. सारिका वर्मा, डॉ. सुषमा जोशी, डॉ. मथुरा एमलाल, डॉ. भूमिका प्रसाद, डॉ. पंकज कुमार, डॉ. मोहित रौतेला सहित अन्य छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

कुमाऊं विवि की बीएड की आरक्षित सीटें नहीं भरीं

कुमाऊं विवि के शैक्षणिक सत्र 2023-23 के लिए संचालित 4 वर्षीय इंटीग्रेटेड टीचर्स इंटीग्रेटेड प्रोग्राम-बीए बीएड, बीएससी-बीएड व बीकॉम-बीएड के अंतर्गत प्रवेश के लिए काउंसिलिंग के उपरांत अनुसूचित जाति, जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग व आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग की सीटें रिक्त रह गयी हैं। कुलसचिव दिनेश चंद्रा ने प्रवेशार्थियों से कहा है कि वह एक सप्ताह यानी 20 अक्टूबर तक प्रवेश ले लें, अन्यथा विश्वविद्यालय इन सीटों पर प्रवेश के लिए आगे की कार्रवाई करेगा।

दो गैरजमानती वारंटियों को भेजा जेल

नैनीताल/टीम एक्शन इंडिया
नगर की तल्लीताल थाना पुलिस ने एनआई एक्ट व मारपीट के मामले में लंबे समय से फरार दो वारंटियो को गिरफ्तार कर शुक्रवार को कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने आरोपितों को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। तल्लीताल पुलिस के अनुसार जनपद के एसएसपी प्रहलाद नारायण मीणा ने कोर्ट से जारी सम्मनों व वारंटों की शत-प्रतिशत तामीली एवं फरार वारंटियों की धर-पकड़ के लिए अभियान चलाने के निर्देश दिये थे। रुपयों के लेन-देन एवं मारपीट व गाली-गलौज से संबंधित प्रकरण में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट नैनीताल ने दो वारंटियों के विरुद्ध गैर जमानती वारंट जारी किए थे।

हिन्दू जागरण मंच ने प्रदर्शन कर हमास का पुतला फूंका

ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया
हिन्दू जागरण मंच ने पुरानी चुंगी हरिद्वार रोड ऋषिकेश में प्रदर्शन कर फिलिस्तीन समर्थित हमास का पुतला दहन किया।
शुक्रवार को आयोजित हमास का पुतला दहन करने के उपरांत हिन्दू जागरण मंच उत्तराखंड के प्रदेश सहसंयोजक सत्यवीर तोमर ने कहा कि हमास के क्रूर आतंकी फिलिस्तीन के समर्थन में निर्दोष लोगों की हत्या कर रहे हैं। इसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। हमारे देश के प्रधानमंत्री मोदी ने भी आतंकवाद का विरोध करते हुए इजराइल को अपना समर्थन देने की घोषणा कर चुके हैं। हम पूर्ण रूप से अपने प्रधानमंत्री मोदी के साथ हैं। उन्होंने कहा कि देश में छिप कर बैठे कुछ तथाकथित आतंक समर्थित लोग ओर राजनैतिक पार्टी कान खोलकर सुन लें, भारत में अगर आतंकवादियों के हितैषी बनने की कोशिश की तो इसके गम्भीर परिणाम भुगतने पड़ेंगे ।
विरोध प्रदर्शन में हिन्दू जागरण मंच के आह्वान पर बड़ी संख्या में हिन्दू समाज के लोग इक९ा में ओर इजराइल के समर्थन में नारेबाजी करते हुए इजराइल को अपना समर्थन देने की घोषणा की।

पर्यटन भारत के आर्थिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक विकास में सहायकः रविशंकर

देसंविवि में दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का शुभारंभ

हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया
हरिद्वार स्थित देव संस्कृति विश्वविद्यालय (देसंविवि) के पर्यटन विभाग के तत्वावधान में दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का शुभारंभ हुआ। इस सम्मेलन के माध्यम से पर्यटन की दिशा हो रहे वैश्विक रुझान, नवीनतम प्रगति और सोच को सकारात्मक दिशा देना है। इस दौरान सम्मेलन में पर्यटन और अन्य उभरते क्षेत्रों में नवीनतम नवाचारों पर भी चर्चा की जायेगी।
सम्मेलन का शुभारंभ उत्तराखण्ड पर्यटन विभाग के मुख्य सचिव रविकुमार ए., देसंविवि के कुलपति शरद पारधी, प्रतिकुलपति डॉ चिन्मय पण्ड्या सहित अनेक महानुभावों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर किया। सम्मेलन की शुरूआत कुलगीत से हुआ।
उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि उत्तराखण्ड के पर्यटन एवं निर्वाचन विभाग के मुख्य सचिव रविशंकर ने कहा कि पवित्र एवं नोबेल आत्माएं समाज में बदलाव करती हैं एवं समाज में नैतिकता का विकास करती हैं। ऐसी ही नोबल आत्मा डॉक्टर चिन्मय पंड्या है। उन्होंने कहा कि आज के पर्यटन में स्थायित्व

विमोचन

8 अतिथियों ने पर्यटन विभाग की ओर से प्रकाशित कई किताबों का विमोचन किया।

को जोड़ना अत्यंत आवश्यक है। बिना स्थाई विकास के पर्यटन संभव नहीं है। इसके लिए हमें अतिथि देवो भवः का भाव जागृत करना होगा। प्रत्येक जगह और प्रत्येक मनुष्य को अपना मानने पर यह भाव जागृत होता है।
इस अवसर पर देसंविवि के प्रतिकुलपति डॉ चिन्मय पण्ड्या ने कहा कि देश की संस्कृति का समझना है तो यात्रा अवश्य करनी चाहिए। भारतीय संस्कृति की विरासत को सुरक्षित रखने के लिए हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। विवेकानंद विश्वविद्यालय के कुलपति अनिल तिवारी आदि अतिथियों ने भी देश में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए जोर दिया। देसंविवि के कुलपति शरद पारधी ने अतिथियों का आभार प्रकट किया।
इस अवसर पर रविकुमार, प्रतिकुलपति डॉ चिन्मय पण्ड्या एवं अतिथियों ने पर्यटन विभाग की ओर से प्रकाशित कई किताबों का विमोचन किया। प्रतिकुलपति ने पर्यटन सचिव रवि कुमार व अन्य अतिथियों को गंगाजली, युगसाहित्य, स्मृति चिह्न आदि भेंटकर सम्मानित किया।
इस अवसर पर कुलपति शरद पारधी, कुलसचिव बलदाउ देवांगन, डॉ अरुणेश पाराशर, डॉ उमाकांत इंदौलिया सहित समस्त विभागाध्यक्ष, प्रोफेसर्स, लेक्चरर्स सहित अनेक गण्यमान्य व शिक्षाविद् उपस्थित रहे।
इसके अलावा देवसंस्कृति विश्वविद्यालय के प्रज्ञेश्वर महादेव मंदिर के पास भारत सरकार की योजना मेरी माटी मेरा देश (मिट्टी को नमन, वीरों को वंदन) के अंतर्गत अंमृत कलश यात्रा का आयोजन हुआ।
इसमें देवसंस्कृति विश्वविद्यालय के समस्त विभागाध्यक्ष, प्रोफेसर्स, छात्र-छात्राएं सहित शांतिकुंज के अंतेवासी कार्यकताओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया।

हस्त नक्षत्र में पड़ने वाली अमावस्या शुभ फलदायी: मिश्रपुरी

हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया
कनखल स्थित भारतीय प्राच विद्या सोसाइटी के संस्थापक ज्योतिषाचार्य पं. प्रतीक मिश्रपुरी ने कहा कि शनिवार को पितृ अमावस्या, महालय अमावस व शनिचरी अमावस है। इस दिन 15 दिन से पृथ्वी पर आए पितृ अपने लोक को वापस चले जाएंगे।
शुक्रवार को ज्योतिषाचार्य पं. मिश्रपुरी ने बताया कि ये अमावस शनिवार को तथा हस्त नक्षत्र में आने से बहुत शुभ फलदाई हो गई है। हस्त नक्षत्र को चंद्रमा का नक्षत्र कहा गया है, जो पितृलोक का स्वामी है। शनिवार पितृ शांति का दिन होता है।

उद्यमियों की समस्याओं के त्वरित निस्तारण पर जोर

बैठक

8 मुख्य विकास अधिकारी चमोली की अध्यक्षता में जिला स्तरीय उद्योग मित्र समिति की बैठक हुई।

गोपेश्वर/टीम एक्शन इंडिया
मुख्य विकास अधिकारी चमोली डॉ ललित नारायण मिश्र की अध्यक्षता में शुक्रवार को जिला स्तरीय उद्योग मित्र समिति की बैठक हुई। इस दौराने उद्यमियों की समस्याओं पर गहनता से चर्चा करते समय समस्याओं के त्वरित निस्तारण पर जोर दिया गया।बैठक में उद्यमियों ने अपनी समस्याएं रखते हुए बताया कि औद्योगिक क्षेत्र कालेश्वर के

रास्ते की नालियां बंद होने से उनके प्रतिष्ठानों में पानी आ रहा है साथ ही औद्योगिक अस्थान कालेश्वर को जोड़ने वाले सड़क संपर्क मार्ग क्षतिग्रस्त होने से उद्यमियों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी ने एनएच तथा पीडब्लूडी के अधिकारियों को शुक्रवार को ही जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। साथ ही जीएम डीआईसी को उद्यमियों का सेमिनार कराने तथा अगली बैठक कालेश्वर में करने के निर्देश दिए। बैठक में सभी उद्यमियों को एमएसएमई 2023 नीति के बारे में जानकारी दी गई। जिला उद्योग केन्द्र के महाप्रंबधक चंचल सिंह बोहरा ने बताया कि एमएसएमई नीति के अन्तर्गत स्थापित इकाइयों को वित्तीय प्रोत्साहन के तहत दो इकाइयों को कुल 2.80 लाख रुपये की धनराशि समिति की ओर से स्वीकृत की गई। शासन से बजट प्राप्त होने पर संबंधी इकाइयों को इसका भुगतान किया जाएगा।
बैठक में मुख्य कोषाधिकारी मामूर जहां, औद्योगिक क्षेत्र कालेश्वर के अध्यक्ष भरत सिंह रावत आदि मौजूद थे।

आईडीबीआई बैंक ने 125 शाखाओं में रिटेल लोन फेस्ट शुरू किया

टीम एक्शन इंडिया
देहरादून। त्योहारों के सीजन की शुरूआत करते हुए आईडीबीआई बैंक ने 16 और 17 अक्टूबर, 2023 को रिटेल लोन फेस्ट पेश किया है बैंक ऐसा दोस्त जैसा की अपनी अवधारणा का विस्तार करते हुए इस लोन फेस्ट में बैंक का ह्यग्राहक केंद्रित दृष्टिकोणह्न और आवास ऋण, ऑटो ऋण, शिक्षा ऋण, संपत्ति पर ऋण, व्यक्तिगत ऋण एवं सिक्योरिटीज पर ऋण सहित रिटेल लोंस की विस्तृत श्रृंखला का प्रदर्शन होगा रिटेल लोन फेस्ट हर भारतीय परिवार के दिल में उतर जाएगा और उन्हें त्योहारों के जश्न के माहौल में शुभ महत्व वाले जीवनशैली के निर्णय लेने में समर्थ बनाएगा बैंक का यह रिटेल लोन फेस्ट 125. चुनिंदा शाखाओं पर चलाया जायेगा, जो भारत के 22 राज्यों में 81 जिलों और 88 केंद्रों कवर करेगा।
आईडीबीआई बैंक के डीएमडी सुरेश खटनहार ने कहा रिटेल लोन फेस्ट त्योहारों के सीजन में ग्राहकों की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए उत्पादों के विस्तृत संग्रह के साथ उन तक पहुँचने का आईडीबीआई बैंक का एक प्रयास है। त्योहारों के दौरान तीव्र प्रोसेसिंग के साथ कस्टमाइज्ड फीचर्स और आकर्षक शर्तें ग्राहकों को एक आनंददायक अनुभव प्रदान करेंगे।

'फेसिस ऑफ अमेजन': अमेजनियन रोहित दास इस फेस्टिवल सीजन में विक्रेताओं को असाधारण अनुभव प्रदान कर रहे हैं

टीम एक्शन इंडिया/देहरादून
जैसे ही फेस्टिवल सीजन शुरू होता है, अमेजॅन इंडिया अमजोनियंस की भावना का जश्न मनाता है जो इन्नोवेट करते हैं, नेतृत्व करते हैं और दूसरों को अधिक ऊंचाइयों तक पहुंचने के लिए प्रेरित करते हैं। फेस्टिवल सीजन के दौरान हमारे ग्राहकों और सैलरस के लिए एक बेजोड़ अनुभव प्रदान करने के पीछे सैकड़ों और हजारों चेहरे हैं। इस समर्पण में सबसे आगे हैं रोहित दास, मैनेजर - सेलिंग पार्टनर सपोर्ट, जिनकी इस महत्वपूर्ण समय के दौरान अमेजॅन मार्केटप्लेस पर विक्रेताओं को असाधारण सहायता प्रदान करने की प्रतिबद्धता किसी से पीछे नहीं है। अमेजॅन के साथ नौ साल के करियर के साथ, रोहित अपनी भूमिका में भरपूर अनुभव लेकर आए हैं। कॉमर्स (एकाउंटिंग एंड फाइनेंस) में अपनी बैचलर्स की डिग्री पूरी करने के बाद, रोहित अमेजॅन इंडिया में शामिल हो गए, और तब से, उन्होंने लगातार विक्रेताओं का समर्थन करने और उन्हें ऑनलाइन बढ़ने में मदद करने के लिए अपने समर्पण का प्रदर्शन किया है।
अमेजॅन के ग्रेट इंडियन फेस्टिवल के बारे में बात करते हुए, रोहित कहते हैं, "पूरे साल की तरह, फेस्टिवल सीजन के दौरान भी, हमारे विक्रेता उन्हें सहायता प्रदान करने के लिए अमेजॅन पर भरोसा करते हैं ताकि ग्राहकों को एक शानदार खरीदारी अनुभव मिल सके। हमारी सामूहिक प्रतिबद्धता विक्रेताओं की मदद करना है अपने कारोबार को बढ़ाने में, संभावित रूप से ऑनलाइन सफल होने में और बदले में अपने ग्राहकों को प्राइस पॉइंट्स , तेज विश्वसनीय डिलीवरी और एक शानदार खरीदारी अनुभव प्रदान करते हैं। अमेजॅन की संस्कृति और नेतृत्व सिद्धांतों के प्रति रोहित की प्रतिबद्धता अटूट है। वह इस बात की सराहना करते हैं कि कैसे ये सिद्धांत न सिर्फ अमेजॅ में ही नहीं बल्कि आजीवन मार्गदर्शक सिद्धांतों के रूप में काम करते हैं। वह साझा करते हैं, "अर्न ट्रस्ट" भाव "विश्वास अर्जित करें" का सिद्धांत सिर्फ काम के बारे में नहीं है बल्कि जीवन के हर पहलू पर लागू होता है। यह हमें ध्यान से सुनना, खुलकर बोलना, आत्म-आलोचना करना और दूसरों के साथ सम्मानपूर्वक व्यवहार करना सिखाता है, ये मूल्य मुझे प्रिय हैं। रोहित को विभिन्न शौक के माध्यम से काम के इलावा खुशी मिलती है।

नशीला पेय पिलाकर किशोरी से सामूहिक दुष्कर्म

हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया
रुड़की सिविल लाइंस कोतवाली क्षेत्र स्थित एक गांव में रहने वाली किशोरी को नशीला पदार्थ पिलाकर उसके साथ दुष्कर्म होने का मामला सामने आया है। इस मामले में पुलिस ने दो चचेरे भाइयों के खिलाफ सामूहिक दुष्कर्म का केस दर्ज कर लिया है। बताया गया कि यूपी के शाहजहांपुर निवासी एक परिवार कई साल पहले रुड़की सिविल लाइंस कोतवाली क्षेत्र स्थित एक गांव में आकर रहने लगा था।

डीआईटी विश्वविद्यालय के दो शिक्षक स्टैनफोर्ड शीर्ष वैज्ञानिकों में शामिल

टीम एक्शन इंडिया/देहरादून। डीआईटी विश्वविद्यालय के दो शिक्षक स्टैनफोर्ड के 2 प्रतिशत शीर्ष वैज्ञानिकों में शामिल किए गए है। इनमे डॉक्टर नीरज कुमार सेतिया व डॉक्टर सब्य सांची दास शामिल हैं।
जानकारी देते हुए डीआईटी विवि के वाइस चांसलर प्रो जी रघुरामा ने उक्त जानकारी देते हुए बताया की डॉ.नीरज कुमार सेतिया फामेर्सी संकाय, एसओपीपीएचआई, डीआईटी विश्वविद्यालय, देहरादून में एसोसिएट प्रोफेसर के रूप में कार्यरत प्रतिष्ठित अनुभवी शिक्षकों, शोधकताओं, नवप्रवर्तकों, वक्ताओं और सलाहकारों में से एक हैं। यह लगातार तीसरा वर्ष है जब डॉ. सेतीया को 2021 और 2022 सहित स्टैनफोर्ड की शीर्ष 2 प्रतिशत सबसे प्रभावशाली वैज्ञानिक सूची में सूचीबद्ध किया गया है।
डॉ. सेतीया ने अपनी पीएच.डी. पूरी की। (फामेर्सी) मार्च 2012 में एमएस यूनिवर्सिटी ऑफ बड़ौदा, वडोदरा, गुजरात से और डॉ. एचएस गौर सेंट्रल यूनिवर्सिटी सागर, एमपी से एम.फार्मा। इससे पहले, उन्होंने नेशनल इनोवेशन फाउंडेशन-इंडिया (डीएसटी-भारत सरकार का एक स्वायत्त निकाय) में सीनियर इनोवेशन फेलो के पद पर, रेजेन बायोकॉर्प्स, वडोदरा में फॉमूर्लेशन साइंटिस्ट और फामेर्सी विभाग में टीचिंग असिस्टेंट के पद पर काम किया। वहीं सब्या साची दास स्कूल ऑफ फार्मास्युटिकल एंड पॉपुलेशन हेल्थ इंफॉर्मेटिक्स, डीआईटी यूनिवर्सिटी, देहरादून, उत्तराखंड, भारत में सहायक प्रोफेसर के रूप में कार्यरत हैं। उन्होंने बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, मेसरा, रांची, झारखंड में शोध कार्य। उनके पास संभावित उपचारात्मक प्रभावों के लिए विभिन्न नैनोकैरियर-आधारित दवा वितरण प्रणालियों के निर्माण, विकास और जैविक मूल्यांकन में कार्य विशेषज्ञता है। उनके पास अनुकूलन (डीओई), भौतिक रासायनिक लक्षण वर्णन अध्ययन (एफटीआईआर, एक्सआरडी, रमन, डीएससी-टीजी, एफईएसईएम), दवा रिलीज परख, विष विज्ञान अध्ययन, जैविक परख (एंटीऑक्सीडेंट, एंटीकैंसर, रोगाणुरोधी, एंटीपैरासिटिक और न्यूरोडीजेनेरेटिव विकार) में काम करने का अनुभव भी है। प्रोफेसर की रघुराम ने बताया कि डीआईटी के अन्य कई शिक्षक भी स्टैनफोर्ड के शीर्ष शिक्षकों में आने के लिए कार्यरत हैं। डीआईटी विश्वविद्यालय हमेशा से अपने शिक्षकों को प्रेरित करता रहा है एवं समर्थन करता रहा है कि वह अन्य देशों में भी डी आई टी विश्वविद्यालय का नाम रोशन करें।

वरिष्ठ नागरिकों की राष्ट्रीय संस्था शहजार होम्स का राष्ट्रीय सम्मेलन संपन्न

सम्मेलन

8 डॉक्टर संजय रैना ने वृद्धावस्था में होने वाली बीमारियों और उनके बचाव एवं उपचार पर प्रकाश डाला

हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया
वरिष्ठ नागरिकों की राष्ट्रीय संस्था शहजार होम्स (शीतल छाया) की हरिद्वार शाखा के तत्वावधान में 2 दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन संपन्न हुआ।
सम्मेलन में देश के विभिन्न राज्यों से 115 प्रतिनिधियों ने भाग लिया। सम्मेलन के समापन दिवस पर शहजार होम्स के डायरेक्टर सुरेश पालगे ने हरिद्वार सहित अन्य केंद्रों पर चल रही गतिविधियों की चर्चा

की। अमृता अस्पताल फरीदाबाद से आए डॉक्टर संजय रैना ने वृद्धावस्था में होने वाली बीमारियों और उनके बचाव एवं उपचार पर प्रकाश डाला। माधव बाग महाराष्ट्र के श्री मिलन सरदार ने छोटे-छोटे कारगर सुझाव दिए, जिससे बढ़ती उम्र की चुनौतियों का सामना कर सकते हैं। लखनऊ से आई डॉक्टर इंदु सुभाष ने सामाजिक सुरक्षा अधिकार और कानूनी सहायता पर चलने वाले प्रयासों को उदाहरण देकर बताया। संस्था के डायरेक्टर सर्वेश गुप्ता ने किस तरह कॉरपोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी का इस्तेमाल कर सकते हैं, इस विषय पर विस्तार से बताया। चैतन्य उपाध्याय ने हेल्प एज इंडिया के प्रयासों के बारे में जानकारी दी।

नवरात्रि विशेष: देवी माँ के दिव्य स्वरूप का दर्शन कर, सच्ची दुर्गा पूजा मनाएँ

आज हम अनेक मनभाए तरीकों और पद्धतियों से माँ जगदम्बा का भजन-पूजन कर रहे हैं- कीर्तन! जगराता! तीर्थ यात्रा! व्रत-उपवास! ज्योति-प्रज्वलन! आरती! निःसन्देह, ये सारी विधियाँ माँ के प्रताप को समाज में प्रतिष्ठित करती हैं। माँ की महिमा-गरिमा बढ़ाती है। परन्तु क्या ये पद्धतियाँ हमारी मईया रानी को पूर्ण प्रसन्न भी करती हैं? यह जानने के लिए, जरूरी है कि हम ह्यमाँ कोह्न मानने के साथ-साथ ह्यमाँ कीह्न भी मानें। माँ क्या कहती हैं? कौन सा विधि-विधान उन्हें भाता व प्रसन्न करता है? उनके अनुसार ज्ञान-भक्ति क्या है व उसकी शाश्वत विधि क्या है? आइए, माँ की वाणी में, माँ से ही जानें। देवी पुराण में एक कथा वर्णित है। गिरिराज हिमालय और उनकी पत्नी मेना ने देवी दुर्गा की उग्र तपस्या की। उनकी अभिलाषा थी कि साक्षात ब्रह्मस्वरूपा देवी उनके यहाँ पुत्री-रूप में जन्म लें। उन दोनों के तप से प्रसन्न हो, माँ उनके समक्ष एक विराट ज्योतिपुँज के रूप में प्रकट हुईं। देखते-ही-देखते, यह महापुँज एक मनोहर कन्या के रूप में साकार हो गया। देवी का यह दिव्य-दर्शन करके हिमालय की आँखें डबडबा आईं। वे आद्र स्वर में बोले- कहाँ तो मैं एक जड़, कहाँ तुम सत व चिन्मयी भगवती! हे परमेश्वरी! मुझे भक्ति-मुक्ति-योग, स्मृति सम्मत ज्ञान की प्राप्ति कराओ। हिमालय की यह हार्दिक प्रार्थना सुनकर माँ उन्हें श्रुतियों के गुप्त रहस्य को प्रकट करने को उद्यत हो गईं। देवी और राजा हिमालय का यह वातार्लाप-प्रसंग भगवती गीता के नाम से विख्यात है और देवी पुराण में दर्ज है। यह संवाद ठीक श्री कृष्ण व अर्जुन के गीता-संवाद की तरह ही प्रवाहित होता है। माँ जगदम्बे हिमालय के समक्ष अपने तत्त्व स्वरूप का रहस्य उजागर करते हुए कहती हैं- ह्यहे हिमालय! मैं शाश्वत ज्ञान की मूर्ति हूँ। न मैं तीर्थों में, न कैलास में, न बैकुण्ठ में ही निवास करती हूँ।

संपादकीय

राष्ट्र की उन्नति में शिक्षा, भाषा की भूमिका

यह सर्वविदित है कि इतिहास का पन्ना पलटें तो हर सभ्यता ने अपने कई कई रूप बदले हैं' संस्कृति ने नए नए नए आयाम का सृजन किया है' वैसे भी जीवन परिवर्तन का पर्याय है एवं विकास का स्वरूप है' यह सर्वकालीन सत्य है कि शिक्षा एवं ज्ञान का महत्व हर संस्कृति, सभ्यता और मानवीय समुदाय के जीवन में एक प्रकाश पुंज की तरह उन्हें विकास की दिशा दिखाते हुए आया है' जिस देश की भाषा जितनी समृद्ध होगी उस देश की सभ्यता संस्कृति और ज्ञान उत्तम शिखर पर होगा और विकास की नई नई धाराएं बहेगी' मानवीय विकास के साथ मनुष्य को अधिक परिपक्व को समझदार तथा समृद्ध बनाने में शिक्षा,भाषा, ज्ञान और साहित्य का सर्वाधिक महत्व रहा है' शिक्षा चाहे आपके परिवार से प्राप्त हुई हो, स्कूल कॉलेज अथवा किसी शिक्षण संस्थान से प्राप्त हुई हो या भारतीय संस्कृति के वैदिक शास्त्रों से प्राप्त हुई हो, शिक्षा का मनुष्य के व्यक्तित्व के निर्माण में बड़ी अहम भूमिका होती है' शिक्षा भी समाज संस्कृति एवं सभ्यताओं के साथ परिवर्तनशील तथा प्रगतिशील है' शिक्षा, ज्ञान तथा संस्कृति और कला साहित्य को देश और विदेश की सीमाओं में बांधा नहीं जा सकता है। यह असीमित भंडार है एवं इसमें आकाशीय ऊंचाइयां भी शामिल रहती हैं' शिक्षा और ज्ञान न तो गहराइयां न ही नापी नजा सकती है, और ना ही इसकी ऊंचाई को देखा जा सकता है। पूर्वी सभ्यता जहां अध्यात्म, वेद ,पुराणों पर अवलंबित है, वहीं पश्चिमी सभ्यता ज्ञान विज्ञान नए नए अविष्कार और आकाश की अनछुई कई बातों को उजागर करने वाली है। ऐसी शिक्षा तथा ज्ञान के कारण मानव चंद्रमा पर पहुंच कर एक नई गाथा लिख पाया है' वस्तुतः पूर्व तथा पश्चिम ज्ञान विज्ञान तथा शिक्षा के मामले में एकाकार हो चुका है कोई भी भेदभाव या विभाजन रेखा नहीं खींची जा सकती है' पूरी सभ्यता ने जहां पाश्चात्य दर्शन से नए नए अविष्कारों हवाई जहाज, इंजन, ग्रामोफोन, रेडियो एवं नई नई टेक्नोलॉजी को अपनाया है वहीं पश्चिमी दर्शन ने भारती ज्ञान विज्ञान संस्कार आयुर्वेद योग धर्म दर्शन को अपना कर अपनी जीवनशैली में शांति तथा सौभाग्य स्थापित किया है' यह सब शिक्षा भाषा एवं ज्ञान के बदौलत पूर्व और पश्चिम का मेल संभव हो पाया है' शिक्षा और भाषा सदैव ही अज्ञानता के तमस में एक प्रकाश पुंज की तरह देदीप्यमान होता रहा है, नवजीवन की विकास धारा में सदैव महत्वपूर्ण भूमिका निभाता आया है' हमारे कई धर्मों में जिनमें जैन ,बौद्ध दर्शन, नव्य वेदांत तथा भारतीय संस्कृति के नवीन चिंतन के सामने आने से नवयुग की कल्पना को साकार किया है। पश्चिम के कई विद्वान और चिंतक जिनमें प्लूटो, अरस्तु, सुकरात, कार्ल मार्क्स, लेनिन ने अनेक विकास के सिद्धांतों को प्रतिपादित किया है। जिसका पूरे विश्व ने खुले दिल से स्वागत किया एवं विकास की नई नई की इबारत लिखी है' दूसरी ओर भारत की संस्कृति, सभ्यता और समाज में सदैव आवश्यक सुधार तथा नई नई बुद्धिमता पूर्ण युक्तियों को अपने में आत्मसात करने की एक अलग क्षमता रही है, और विकास का मूल मंत्र भी परिवर्तनशील जीवनशैली ही है ' राजनीति तो सदैव परिवर्तन पर अवलंबित रहती है। स्वतंत्रता के पहले तथा बाद में राजनीतिक घटनाक्रम जिस नव परिवर्तन युग की तरफ अग्रसर हुए हैं।

कौशल विशेषज्ञता से बेरोजगारी दूर होगी

किशन भावनानीं

> "भारत को इसका बहुत बड़ा फायदा है, उन्होंने जोर देकर कहा कि दुनिया अपने कुशल युवाओं के लिए भारत की ओर देख रही है। उन्होंने बताया कि ग्लोबल स्किल मैपिंग को लेकर भारत के प्रस्ताव को हाल ही में जी20 शिखर सम्मेलन में स्वीकार कर लिया गया, जिससे आने वाले समय में युवाओं के लिए बेहतर अवसर पैदा करने में मदद मिलेगी। पीएम ने किसी भी अवसर को बर्बाद न करने का सुझाव दिया और आश्वासन दिया कि सरकार इस उद्देश्य का समर्थन करने के लिए तैयार है। उन्होंने पिछली सरकारों में कौशल विकास के प्रति उपेक्षा की ओर इशारा करते हुए कहा, हमारी सरकार ने कौशल के महत्व को समझा और इसके लिए एक अलग मंत्रालय बनाया और एक अलग बजट आवंटित किया"

वैश्विक स्तरपर आज दुनियां कोविड महामारी से लेकर वर्तमान हमास-इसराइल के बीच भयंकर युद्ध तक की चुनौतियों से घिरा हुआ है, जिसमें आर्थिक चुनौतियां, जलवायु परिवर्तन, भू-राजनीतिक अविश्वास, बढ़ती गुटबाजी, विस्तारवाद,आतंकवाद से लेकर संवेदनशीलता तक की चुनौतियों से निपटने में अधिक वक्त निकलता जा रहा है जो समय के साथ-साथ अपनी जटिलताओं से जकड़ते जा रहा है, कहीं अपना वीटो पावर तो कहीं विस्तारवाद कहीं आतंकवाद तो कहीं ज्वेलेसी की विशालता घर करते जा रही है। ऐसी सब चुनौतियों से घिरी दुनिया में अगर हम भारत को देखें तो उसकी आवाज बुलंद होती जा रही है, जिसका अंदेशा इसी से लगाया जा सकता है कि लगभग सारे पश्चिमी देशों का सकारात्मक संज्ञान लेकर भारत की ओर रुझान, भारत की ओर होते जा रहा है, तो वहीं रुस उसके अनेक समर्थन वाले देश भी भारत को पसंद करते हैं जिसका मूल कारण यह है कि भारत स्पेस प्रौद्योगिकी इलेक्ट्रॉनिक परिवहन स्वास्थ्य शिक्षा जैसे अनेक क्षेत्रों में तेजी से आगे बढ़ रहा है। विदेश नीति सटीक है। चूंकि बात शिक्षा पर निकली है तो आज दिनांक 12 अक्टूबर 2023 को देश भर के सभी कौशल विकास संस्थाओं ने संयुक्त दीक्षांत समारोह का आयोजन नई दिल्ली में किया था जो सराहनीय कार्य था। इस सामूहिक प्रयास से चार चांद और लग गए जब माननीय पीएम ने इस दीक्षांत समारोह को वर्चुअल संबोधित किया, कौशलता विकास पूरा कर उसकी डिग्री लेने वाले छात्रों के प्रोत्साहन का ठिकाना नहीं रहा जो खुशी जोश जज्बे से लबालब होकर झूम उठे। चूंकि कौशलता विकास को प्राप्त करने मजबूत युवा शक्ति आगे आ रही है, जिससे देश केसंसाधनों से न्याय होता है। देश रोजगार लेने वाला नहीं बल्कि देने वाला बन रहा है, इसलिए उद्योग अनुसंधान और कौशल विकास संस्थाओं के लिए वर्तमान समय के अनुसार सामंजस्य स्थापित करना महत्वपूर्ण है। इसलिए आज हम पीआईबी में उपलबध्य जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, कौशलता विकास युवाओं को रोजगार देने वाला बनाने के दूरगामी परिणामों से भारत तीसरे नंबर की अर्थव्यवस्था बननें वाला देश शीघ्र बनेगा।

साथियों बात अगर हम दिनांक 12 अक्टूबर 2023 को माननीय पीएम द्वारा संयुक्त कौशलता विकास दीक्षांत समारोह को संबोधन करने की करें तो उन्होंने कहा भारत में कौशल विकास का दायरा लगातार बढ़ रहा है। हम केवल मैकेनिकों, इंजीनियरों, प्रौद्योगिकी या किसी अन्य सेवा तक सीमित नहीं हैं, क्योंकि उन्होंने उल्लेख किया था कि महिला स्वयं सहायता समूहों को ड्रोन प्रौद्योगिकी के लिए तैयार किया जा रहा है।

रोजमर्रा के जीवन में विश्वकमाओं के महत्व पर जोर देते हुए, पीएम विश्वकर्मा योजना का उल्लेख किया जो विश्वकमाओं को अपने पारंपरिक कौशल को आधुनिक तकनीक और उपकरणों के साथ जोड़ने में सक्षम बनाता है। स्किलिंग, अपस्किलिंग और री-स्किलिंग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए, उन्होंने नौकरियों की तेजी से बदलती मांगों और प्रकृति पर ध्यान दिया तथा तदनुसार कौशल को उन्नत करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि इसलिए उद्योग, अनुसंधान और कौशल विकास संस्थानों के लिए वर्तमान समय के अनुरूप सामंजस्य होना बहुत महत्वपूर्ण है। कौशल पर बेहतर ध्यान देने का जिक्र करते हुए, प पिछले वर्षों में देश में लगभग 5 हजार नए आईटीआई स्थापित किए गए हैं, जिसमें 4 लाख से अधिक नई आईटीआई सीटें शामिल हैं। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि सर्वोत्तम कार्य प्रणालियों के साथ कुशल और उच्च गुणवत्ता वाले प्रशिक्षण प्रदान करने के उद्देश्य से संस्थानों को मॉडल आईटीआई के रूप में उन्नत किया जा रहा है।भारत में कौशल विकास का दायरा लगातार बढ़ रहा है। हम केवल मैकेनिकों, इंजीनियरों, अन्य सेवा तक सीमित नहीं है। पीएम ने कहा क्योंकि उन्होंने उल्लेख किया था कि महिला स्वयं सहायता समूहों को ड्रोन प्रौद्योगिकी के लिए तैयार किया जा रहा है। रोजमर्रा के जीवन में विश्वकमाओं के महत्व पर जोर देते हुए, पीएम ने इसके लिए भारत की युवा आबादी को श्रेय देते हुए कहा, आज पूरी दुनिया इस बात पर विश्वास कर रही है कि यह सदी भारत की सदी होगी। श्री मोदी ने रेखांकित किया कि जब दुनिया के कई देशों में बुजुर्गों की आबादी बढ़ रही है, भारत हर गुजरते दिन के साथ युवा हो रहा है।

भारत को इसका बहुत बड़ा फायदा है, उन्होंने जोर देकर कहा कि दुनिया अपने कुशल युवाओं के लिए भारत की ओर देख रही है। उन्होंने बताया कि ग्लोबल स्किल मैपिंग को लेकर भारत के प्रस्ताव को हाल ही में जी20 शिखर सम्मेलन में स्वीकार कर लिया गया, जिससे आने वाले समय में युवाओं के लिए बेहतर अवसर पैदा करने में मदद मिलेगी। पीएम ने किसी भी अवसर को बर्बाद न करने का सुझाव दिया और आश्वासन दिया कि सरकार इस उद्देश्य का समर्थन करने के लिए तैयार है। उन्होंने पिछली सरकारों में कौशल विकास के प्रति उपेक्षा की ओर इशारा करते हुए कहा, हमारी सरकार ने कौशल के महत्व को समझा और इसके लिए एक अलग मंत्रालय बनाया और एक अलग बजट आवंटित किया। उन्होंने रेखांकित किया कि भारत अपने युवाओं के कौशल में पहले से कहीं अधिक निवेश कर रहा है और प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना का उदाहरण दिया जिसने युवाओं को जमीनी स्तर पर मजबूत किया है। पीएम ने बताया कि इस योजना के तहत अब तक करीब 1.5 करोड़ युवाओं को प्रशिक्षित किया जा चुका है। उन्होंने आगे कहा कि औद्योगिक समूहों के पास नए कौशल केंद्र भी स्थापित किए जा रहे हैं जो उद्योग को कौशल विकास संस्थानों के साथ अपनी आवश्यकताओं को साझा करने में सक्षम बनाएंगे, जिससे बेहतर रोजगार के अवसरों के लिए युवाओं के बीच आवश्यक कौशल समूह विकसित होंगे। साथियों बात अगर हम माननीय पीएम द्वारा अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के आंकड़ों पर बोलने की करें तो, अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष द्वारा जारी हालिया आंकड़ों पर प्रकाश डालते हुए, पीएम ने बताया कि भारत आने वाले वर्षों में सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बना रहेगा। उन्होंने भारत को दुनिया की शीर्ष तीन अर्थव्यवस्थाओं में ले जाने के अपने संकल्प को भी याद किया और कहा कि आईएमएफ को भी भरोसा है कि अगले 3-4 वर्षों में भारत दुनिया की शीर्ष तीन अर्थव्यवस्थाओं में शामिल होगा। उन्होंने रेखांकित किया कि इससे देश में रोजगार और स्वरोजगार के नये अवसर पैदा होंगे।

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि भारत कौशलता विकास के बल पर चुनौतियों को चुनौती देकर आगे बढ़ रहा है।भारत तेजी से बढ़ती कौशल विशेषज्ञता से बेरोजगारी का नामोनिशान मिटा देनें में जुटा।कौशलता विकास युवाओं को रोजगार देने वाला बनाने के दूरगामी परिणामों से भारत तीसरे नंबर की अर्थव्यवस्था वाला देश शीघ्र बनेगा।

कविता

ज्ञान है तो शान है
ज्ञान बढ़ाओ
देश का गौरव
और आन बान शान
जोर शोर से बढ़ाओ।

ज्ञान है तो विज्ञान है
विज्ञान है तो ब्रह्मांड है
और ब्रह्मांड है
तो सत्य है ।

सत्य के आगे
मिथ्या ,अंधविश्वास
आडंबर कट्टरपंथ
सब निरर्थक है।

जब ज्ञान और विज्ञान
का प्रभाव आधा है
तब ही अंधविश्वास,
कट्टरपंथ,
संप्रदायवाद,
देश के विकास के
लिए,
उन्नति के लिए
सबसे बड़ी बाधा है।

मेरे देशवासियों
ज्ञान विज्ञान को
बढ़ाओ

शिक्षा को
जगाओ
अंधविश्वास को
कट्टरता को
इस देश की धरती से
कोसों दूर भगाओ।

शिक्षा और ज्ञान का
प्रकाश चहुँ ओर
बढ़ाओ।
गांव में साक्षरता का
दीप जलाओ।

आओ संग
संग आओ,
अंधविश्वास के
आडंबर,
कट्टरता को को
मिटाओ,

हे मित्रवर आओ
ज्ञान के प्रकाश का
दीप जलाओ,
इस पावन धरा को
ज्ञान,विज्ञान से
विश्व में श्रेष्ठ
और उज्जवल
बनाओ।

संजीव

आसान नहीं शिवराज का हटाना

प्रमोद भार्गव

विधानसभा चुनाव के महासंग्राम की शुरूआत होते ही कांग्रेस एवं भाजपा में श्राद्ध को लेकर जुबानी जंग छिड़ गई है। दरअसल सोशल मीडिया पर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का गंगा नदी के किनारे निश्चिंत व निर्लिप्त बैठे हुए एक चित्र जारी हुआ था। इसमें शिवराज चुनाव की चिंता और मुख्यमंत्री बनने की इच्छा से मुक्त नजर आ रहे थे। वास्तव में वे ऋषिकेश में स्थित परमार्थ निकेतन में स्वामी चिदानंद मुनि के आश्रम में समय बिताने पहुंचे थे। वे यहां गंगा दर्शन कर गंगा आरती में शामिल हुए और संतों का आशीर्वाद लिया। इस पल चित्र सोशल मीडिया पर किसी ने डालकर लिख दिया, 'मामा का श्राद्ध, श्राद्ध में भाजपा ने दिया शिवराज मामा को टिकट।' इसे कांग्रेस की हरकत बताते हुए शिवराज ने कहा कि सनातन धर्म को अपशब्द कहने वाली कांग्रेस सत्ता की भूखी है। जबकि कांग्रेस को अपनी कुंठित सोच और कुसंस्कारों का श्राद्ध करने की जरूरत है। मैं मर भी जाऊंगा तो राख के ढेर से फीनिक्स पक्षी की तरह फिर से पैदा हो जाऊंगा, जनता की सेवा के लिए।' हालांकि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने शालीनता बरतते हुए कहा कि 'शिवराज जी ईश्वर आपको दीघार्यु दे। मेरी समझ में नहीं आता कि आपको हर चीज के पीछे कांग्रेस पार्टी ही क्यों नजर आती है ? श्राद्ध पक्ष में आपको टिकट आपकी पार्टी ने दिया है, आपके व्यक्तिगत दुश्मन आपकी पार्टी में बैठे हैं और आपका अहित करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं।'

मिथकों में फीनिक्स को एक मायावी पक्षी माना जाता है। अरब, ईरानी, मिश्र और भारतीय दंत-कथाओं में ऐसे विलक्षण पंछी का उल्लेख मिलता है। धारणा है कि इसका जीवन चक्र 500 से 1000 वर्ष का होता है। उम्र पूरी होने पर वह जल जाता है और फिर अपनी ही राख से पुनः जीवन प्राप्त कर लेता है। यह अवधारणा भारतीय दर्शन के पुनर्जन्म से मेल खाती है। श्रीमद् भगवत गीता के इस दर्शन को दुनिया के अनेक वैज्ञानिक भी अब यह मानने लगे हैं। दरअसल पदार्थगत रूपांतरण को ही पुनर्जन्म माना जाता है। पदार्थ और ऊर्जा दोनों ही परस्पर परिवर्तनशील है। ऊर्जा कभी नष्ट नहीं होती है, परंतु रूपांतरित होकर अदृश्य हो जाती है। इसीलिए डीएनए यानी महा रसायन मृत्यु के बाद भी संस्कारों के रूप में अदृश्य अवस्था में उपस्थित रहता है और नए जन्म के रूप में पुनः अस्तित्व में आ जाता है। इसीलिए सनातन दर्शन मृत्यु के साथ मनुष्य का पुर्णतः अंत नहीं मानता है। बल्कि मृत्यु के माध्यम से आत्मा को शरीर से अलग होकर वायुमंडल में विचरण करना मानता है। यही आत्मा मनुष्य के जीवित रहते हुए भी स्वप्न अवस्था में शरीर से अलग होकर भ्रमण करती है, लेकिन शरीर से उसका अंतसंबंध बना रहता है।

विचार

सनातन धर्म व अखंड भारत के स्टार प्रचारक हैं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

मृत्युंजय दीक्षित

प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अब कुशल नेतृत्व कर्ता, प्रदेश में समाज के हर वर्ग के विकास के संवाहक के साथ ही सनातन धर्म व अखंड भारत के स्टार प्रचारक भी बन चुके हैं। सनातन धर्म और अखंड भारत को लेकर मुख्यमंत्री योगी जी के बयानों की चर्चा अब भारतीय मीडिया में ही नहीं अपितु विदेशों में भी हो रही है। योगी जी की सनातन धर्म पर स्पष्टवादिता से भारत की संपूर्ण सेक्युलर जमात में खलबली मच गई है और उनके उत्तर देने के प्रयास में सनातन विरोधी सिद्ध होती जा रही है। तमिलनाडु के द्रमुक नेता उदय निधि द्वारा सनातन धर्म का उन्मूलन करने वाले शर्मनाक बयान के बाद से ही योगी जी सक्रिय हैं और अब सनातन धर्म की विशेषताओं की चर्चा करने का कोई भी अवसर नहीं चूकते। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में आज उत्तर प्रदेश के हिंदू आस्था के सभी केंद्रों, प्रतीकों का विकास व सम्मान हो रहा है। अयोध्या, मथुरा, काशी के साथ ही अन्य छोटे छोटे धार्मिक महत्व के स्थलों का विकास हो रहा है तथा उनके सुंदरीकरण व विस्तार की योजनाओं पर काम चल रहा है जिसके कारण सनातन समाज में प्रसन्नता की लहर है। उधर कांग्रेस के नेतृत्व में संपूर्ण विपक्ष जातिगत जनगणना के नाम पर हिंदू समाज को बांटने की रणनीति पर काम कर रहा है इधर योगी जी की स्पष्टवादिता है कि सनातन धर्म ही एकमात्र मात्र धर्म है। सनातन धर्म के तेजस्वी प्रतिनिधि के रूप में योगी जी की लोकप्रियता तीव्रता के साथ बढ़ रही है ।जिन राज्यों में विधानसभा चुनाव हैं वहां पर स्टार प्रचारक के रूप में सबसे अधिक डिमांड ह योगी आदिदत्यनाथ हो रही है। हर राज्य की जनता चाहती कि उनके यहां पर भी योगी जी जैसा ही मुख्यमंत्री हो। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आर्य समाज के कार्यक्रम में कहा, कि आर्यसमाज के संस्थापक दयानंद सरस्वती जी ने घर वापसी का जो अभियान आरम्भ किया था उसे फिर से प्रारंभ किया जाये। आर्य समाज ने वैदिक संस्कृति के प्रसार के लिए जो कार्य किये थे उन्हे भी पुनः प्रारम्भ किया जाये । योगी जी के बयानों से सपा बसपा कांग्रेस सहित सभी सेक्युलर दल बुरी तरह से चिढ़ गये और विकृत मानसिकता से सराबोर होकर बयानबाजी करने लगे। इसी प्रकार गोरखपुर में आयोजित एक कार्यक्रम में योगी जी ने स्पष्ट रूप से कहा कि सनातन ही एकमात्र धर्म है बाकी सब संप्रदाय और उपासना पद्धतियां हैं। तमिलनाडु के द्रमुक नेता उदयनिधि को करारा जवाब देते हुए योगी जी ने कहा कि सनातन धर्म मानवता का धर्म है। यदि सनातन धर्म पर आघात होगा तो विश्व की मानवता पर संकट आ जएगा। योगी जी के एक के बाद एक वक्तव्यों से मुस्लिम तुष्टिकरण करने वाले दलों की छटपटाहट स्पष्ट रूप से दिखलाई पड़ रही है इन दलो को कोई उत्तर नही सूझ रहा है अपितु जब प्रदेश का विकास हो रहा है और कानून व्यवस्था भी सुदृढ़ हो रही है उस समय यह लोग प्रदेश का वातावरण दूषित करने के लिए विश्व के सर्वाधिक खूंखार आतंकवादी संगठन हमास के समर्थन में धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। अभी तक तो योगी जी केवल सनातन धर्म पर ही बात कर रहे थे लेकिन अब उन्होंने सिंधी समाज के एक बड़े कार्यक्रम में कहा कि जब हम 500 वर्षो के बाद श्री रामजन्मभूमि को वापस ले सकते हैं तो फिर सिंध को क्यो नहीं? योगी जी के इस बयान ने आम भारतीयों को ही नहीं अपितु पाकिस्तान व उसके समर्थक देशों को भी हैरान कर दिया है। आज न सिर्फ भारत में ही अपितु पाकिस्तानी मीडिया व भारत विरोधी एजेंडा चलाने वाले मीडिया में योगी जी के बयानों पर बहस हो रही है तथा चिंता व्यक्त की जा रही है। सिंध को वापस लेने वाली बात पाकिस्तानी सोशल मीडिया पर भी खूब चर्चा में है। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर आगे कहा कि सिर्फ एक व्यक्ति की जिद की वजह से देश का विभाजन हुआ। लाखों लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी। भारत का एक बड़ा भू भाग पाकिस्तान के रूप में भी चला गया। सिंधी समाज ने उस दर्द को सबसे अधिक झेला है। उन्हें अपनी मातृभूमि छोड़नी पड़ी है। योगी ने कहा कि सिंधी समाज युवा पीढ़ी को इतिहास के विषय में बताये।

एक्शन इंडिया दैनिक

भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।

आरएनआईः UTTHIN / 2009 / 31653

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक, राकेश भारद्वाज द्वारा मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से मुद्रित एवं 7/1 बल्लूपुर रोड, डॉ. टी पटनायक के सामने, कृष्णा नगर चौक के पास देहरादून, उत्तराखंड से प्रकाशित। एक्शन इंडिया में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र देहरादून ही होगा।

सम्पादकः रवि भारद्वाज (+919999889104)
actionindiaddn@gmail.com

वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

चिंतन

विदेशों में जाकर शिक्षा प्राप्त कर वहीं बसने का क्रेज

अशोक भाटिया

पढ़ाई के लिए विदेश जाने वाले छात्रों की संख्या में बेतहाशा वृद्धि चिंता का विषय है. सबसे ज्यादा चिंता इस बात की है कि इससे देश के समक्ष युवा शक्ति के पलायन की समस्या बढ़ रही है. इससे उद्योग-धंधों के लिए श्रम शक्ति की कमी की समस्या भी आ सकती है. इसके अलावा, देश की बहुमूल्य विदेशी मुद्रा विदेशों में जा रही है. यूक्रेन युद्ध में भारतीय छात्र फंसे तो नेताओं को पता चला कि इतने सारे भारतीय छात्र मेडिकल की पढ़ाई करने विदेश जाते हैं. उसके बाद मुख्यमंत्रियों से लेकर प्रधानमंत्री तक ने हैरानी जताई. इस बात पर गौर किया जाना चाहिए कि भारत से हरेक साल बड़ी संख्या में विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण करने के अमेरिका, ब्रिटेन, आस्ट्रेलिया आदि देशों में क्यों चले जाते हैं? यह सवाल कनाडा में जो भारत को लेकर हो रहा है उस रोशनी में पूछ जाना चाहिए। वहां जो कुछ भी घटित हो रहा है उससे पहले ही भारतीयों के साथ हिंसा के मामले सामने आने के बाद भारतीय विदेश मंत्रालय अधिक जाग चूका है और अब विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने गुरुवार को कहा था कि इजराइल में फिलहाल करीब 18 हजार भारतीय जबकि वेस्ट बैंक में करीब एक दर्जन और गाजा में तीन से चार भारतीय रह रहे हैं। जब यहाँ छात्र किसी कारण से फंसते है तो भारत सरकार को ह्यएयर -लिफ्ट ह्यका सहारा लेना पड़ता है जो परेशानी भरा होता हैं . बताया जाता है कि पिछले कुछ वर्षों से भारत से विदेशों में जाकर शिक्षा प्राप्त कर वहीं बसने की आकांक्षा का क्रेज बढ़ता जा रहा है। केन्द्र सरकार के अनुसार वर्ष 2016 और 2021 के बीच 26.44 लाख भारतीय विद्यार्थी विदेशों में पढ़ने के लिए गए। एसोसिएटेड चेम्बरर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ऑफ इंडिया (एसोचैम) का अनुमान है कि वर्ष 2020 में 4.5 लाख भारतीय विद्यार्थी विदेशों में शिक्षा प्राप्त करने गए और उन्होंने 13.5 अरब डालर का खर्च किया। वर्ष 2022 में यह खर्च 24 अरब डालर यानि लगभग 2 लाख करोड़ रूपए रहा और रेडसियर स्टाटेर्जी कन्सलटेंट की रिपोर्ट के अनुसार 2024 तक यह खर्च 80 अरब डालर यानि 7 लाख करोड़ रूपए तक पहुंच सकता है।

विजन और अबसेशन

डॉ. सुरेश कुमार

सेल्सबॉय सूट-बूट पहने, आइए-आइए सर! महास्मार्ट शॉपिंग मॉल में आपका स्वागत है। हमारे पास सभी सीजन की टेक्निकल चीजें मिलती हैं। ग्राहक ने कहा, यह क्या, यहाँ तो बड़ी ठंडक है। बदन जकड़ा जा रहा है। ऐसी ठिठुरती ठंडी में आदमी सामान खरीदने से ज्यादा शौचालय के चक्कर लगाएगा। ाहब यह सब हमारे महास्मार्ट एसी का कमाल है। एकदम हाइली अडवांस टेक्निक से काम करता है। शरीर के भार और आकार के हिसाब से या यूँ कहिए कि उसके क्षेत्रफल के हिसाब से उतनी ही ठंडक देता है जितना कि सामने वाला सह जाए। मालिक को मालिक के हिसाब से, मालकिन को मालकिन के हिसाब से ठंडक देता है। एक बार यह एसी आपके दिमाग में बैठ गया तो आप दूसरे एसी के बारे में भूलकर भी नहीं सोचेंगे। हाँ-हाँ सही कहते हो। ठंड के मारे मेरा दिमाग जकड़ा जा रहा है। सिरदर्द होने लगा है। आदमी जो लेगा सो लेगा उससे पहले वह अपना इलाज कराने अस्पताल जाएगा। यह सब छोड़िए साहब! बताइए आपको क्या चाहिए? मुझे कुछ नए प्रॉडक्ट्स दिखायें। एकदम हाइली अडवांस और स्मार्ट।

जरूर-जरूर! साहब यह छतरी देखिए। गर्मी में धूप से बचाता है और बरसात में पानी से। वाह! क्या कमाल की छतरी है। इतनी कमाल की छतरी को शोरूम में क्यों, विश्व धरोहर के अंतर्गत संग्रहालय में रखवाना चाहिए। अरे साहब! आप मजाक समझते हैं। यह कोई ऐसी-वैसी छतरी नहीं है। धूप में एसी बनकर ठंडक देता है। बरसात में पानी सोख लेता है। अच्छा-अच्छा! यह सब रहने दीजिए। आपके पास सभी सीजन के लिए कोई अच्छा सा कोट है? हाँ-हाँ क्यों नहीं! यह देखिए ह्यऑल सीजनल 365ह्न कोट। यह बड़ा कमाल का कोट है। ठंडी में गर्मी और गर्मी में ठंडक देता है। अगर बरसात और गर्मी एक साथ आ जाए तो तब तो यह कोट और भी बढ़िया काम करता है। बरसात के पानी को बर्फ बनाकर गर्मी भगा देता है। यहाँ तो सभी आइटम ऑल सीजनल हैं। ऐसा क्यों? साहब पहले बरसात के समय बरसात, ठंडी के समय ठंडी और गर्मी के समय गर्मी का मौसम आता था। अब सभी मौसम कॉकटेल की तरह मिलकर आते हैं।

बच्चों के विकास में हो रही देरी को समझें और ले जाएं उन्हें सफलता के रास्ते पर

हर बच्चे को स्नेह, प्रोत्साहन और सहारे की जरूरत होती है। खासतौर से जिन बच्चों के विकास में थोड़ी देरी हो रही है, उनके लिए यह और भी जरूरी हो जाता है, क्योंकि इस तरह के सकारात्मक सहयोग के जरिए ही यह सुनिश्चित किया जा सकता है कि ऐसे बच्चे भी बड़े होकर आत्मविश्वास से भरपूर होंगे, उनके भीतर खुद की क्षमताओं को समझने की ताकत होगी और विषम परिस्थितियों के बाद भी उनके अंदर आगे बढ़ने का दृढ़ संकल्प होगा। बालपन की शुरुआत में ही बच्चे के बोलने, चलने, खुद का ख्याल रखने, खेलने जैसी कुछ क्रियात्मक बातों पर ध्यान देकर पैरेंट्स यह नोटिस कर सकते हैं कि बच्चे का विकास मानकों के अनुरूप हो रहा है कि नहीं। इसके अलावा इंटेलेक्चुअल डिसेबलिटी भी एक ऐसी स्थिति है, जिसकी शुरुआत बालपन में होती है और जिसमें बच्चे के सीखने ओर समझने की सीमित क्षमताओं को पहचाना जा सकता है। ज्यादा गंभीर स्थिति वाले मामलों की पहचान बच्चे के जन्म के पहले साल के अंदर ही हो जाती है। कम गंभीर मामलों में बच्चे के संज्ञानात्मक विकास पर पड़ रहे असर का पहला लक्षण स्कूल की शुरुआत में हो रही दिक्कतों के जरिए पहचाना जा सकता है। उदाहरण के लिए, अगर बच्चे को पढ़ने में या गणित के सवालों को हल करने में दिक्कत हो रही है, तो इस बात को नोटिस किया जा सकता है। कुछ पैरेंट्स यह भी नोटिस कर सकते हैं कि उनके एक बच्चे का डिवेलपमेंट दूसरे बच्चे के मुकाबले धीमे हो रहा है। एक तरह से देखा जाए, तो पहले बच्चे के व्यवहार को देखकर यह पता चलता है कि उसका विकास सही तरीके से नहीं हो रहा है और फिर अंततः वह स्थिति आती है, जिसमें डॉक्टर की मदद लेनी पड़ती है, ताकि यह पता लगाया जा सके कि बाद में बच्चे के विकास में और किस किस तरह की अड़चनें आ सकती है। पैरेंट्स होने के नाते आपको सबसे पहला काम यह पता लगाने का है कि आपका बच्चा किस तरीके से सबसे जल्दी और बेहतर ढंग से सीखता है।

विजुअल लर्नर

इसके जरिए यह पता लगाया जा सकता है कि क्या बच्चा चीजों को देखकर, पढ़कर या डाइग्राम, मैप्स, ड्रॉइंग आदि के जरिए पिक्चराइज करके चीजों को सीखता है और तब ज्यादा अच्छा काम करता है, जब मटीरियल उसके सामने रखा जाए और जिसे वह देखकर महसूस कर सके, न कि सुनकर।

ऑडिटरी लर्नर: इसमें बच्चा सुनकर ज्यादा बेहतर काम करता है, लेक्चर बेस्ड माहौल में जल्दी सीखता है। क्लासरूम डिस्कशन, मौखिक निर्देश और स्टडी ग्रुप्स के जरिए उसे फायदा मिलता है।

काइनेस्थेटिक लर्नर: इसमें बच्चा मूव करके ओर खुद से काम करके सीखता है, खुद अपने हाथों से की जाने वाली एक्टिविटीज, लैब क्लासेज, प्रॉप, स्किट्स और फील्ड ट्रिप्स से उसे लाभ मिलता है।

बच्चों को आगे बढ़ने में मदद

ऐसे में जल्द से जल्द हस्तक्षेप करने और सही समय पर बच्चे को स्कूल में दाखिल करवाने की जरुरत होती है, ताकि बच्चे के इंटेलेक्चुअल लेवल में सुधार हो और वह अपने निर्धारित लक्ष्य को हासिल करने के लिए आगे बढ़ सके। जिन बच्चों को जल्द सीखने में किसी तरह की दिक्कत आती है, ऐसे बच्चों को मजबूती से उभारने और उनके अंदर लचीलापन लाने के लिए उनकी मदद के रास्ते तलाशना जरूरी है। लर्निंग डिसेबलिटी से जुड़ी समस्याएं केवल अच्छे बर्ताव से हल नहीं होगी, लेकिन इससे आपके बच्चे के अंदर एक नई उम्मीद जगेगी और उसका भरोसा बड़ेगा, जिससे उसे आगे बड़ने में मदद मिलेगी और भविष्य में वह भी सफलता के पथ पर अग्रसर हो सकेगा। संज्ञानात्मक विकलांगता यानी कॉग्नेटिव डिसेबलिटी की वजह आमतौर पर प्रसव के पूर्व, प्रसव के दौरान और प्रसव के बाद के कारकों पर निर्भर करती है। प्रसव पूर्व के कारणों में जेनेटिक विषमता, इन्फैक्शंस, सेंट्रल नर्वस सिस्टम में गढ़बड़ी, डाउन सिंड्रोम और ऐसे तत्वों के संपर्क में आना, जो बच्चे के जन्म पर प्रभाव डालते हैं, शामिल है। बच्चे के अंदर इंटेलेक्चुअल डिसेबिलिटी पैदा होने के ये सबसे प्रमुख जेनेटिक कारण हैं। प्रसवकालीन कारणों में जानलेवा कुपोषण, प्रीमैच्योरिटी और ब्रेन में ऑक्सिजन की सप्लाई में कमी जैसी वजहें प्रमुख हैं,

कॉग्नेटिव डिसेबलिटी को दूर करने के लिए थैरेपीज

प्रसव बाद के कारणों में कई तरह के इन्फैक्शंस, घुटन, एक्सिडेंटल और नॉन एक्सिडेंटल ट्रॉमा, ब्रेन डैमेज, सीएनएस ट्यूमर आदि प्रमुख हैं। इन कारकों की वजह से बच्चे के अंदर पैदा हुई कॉग्नेटिव डिसेबलिटी को दूर करने में कई तरह की थैरेपीज और सर्विसेज मददगार साबित हो सकती हैं। इनमें नर्सिंग सर्विसेज, ऑक्यूपेशनल थैरेपी, फिजिकल थैरेपी, एडाप्टिव उपकरण, स्पीच और लैंग्वेज थैरेपी, न्यूट्रिशनल काउंसिलिंग, ऑडियोलॉजी सर्विसेज, साइकोलॉजिकल हस्तक्षेप, रीक्रिएशन थैरेपी और सोशल वर्क सर्विसेज जैसी थैरेपीज और सर्विसेज शामिल है। इनके अलावा स्पेशल एजुकेशन टीचर्स भी बच्चे को एजुकेशनल सर्विसेज मुहैया करा सकते हैं। कई बार सतर्कता में कमी, सीखने में दिक्कत, बोलने में दित या व्यापक विकासशील विकारों को इंटेलेक्चुअल डिसेबलिटी समझ लिया जाता है, जबकि केवल 5 पर्सेंट आबादी में ही संज्ञानात्मक कमी देखी जाती है और इनमें से ज्यादातर लोग माइल्ड रेंज डेफिसिट कैटिगरी यानी ऐसी कैटिगरी में आते हैं, जिनमें डिसेबिलिटी बेहद गंभीर नहीं होती।

डॉ. नूपुर गुप्ता, कंसलेंट ऑब्स्टट्रिशन एंड गाइनोकोलोजिस्ट

रेसिपी

अंजीर का हलवा

सामग्री

- सूखे अंजीर- 100 ग्राम
- घी- 2 चम्मच
- मिल्क पाउडर- 1 चम्मच
- चीनी- 2 चम्मच
- इलायची पाउडर- 1/4 चम्मच
- दूध- 1 कप

गार्निशिंग के लिए

- सूखे मेवे की कतरन और चांदी का वर्क

विधि

सबसे पहले अंजीर को दूध में भिगो दें फिर मिक्सी में पीस लें। अब नॉनस्टिक पैन को गर्म करके उसमें घी गर्म करें। अंजीर वाले मिश्रण को पैन में डालकर अच्छी तरह से भून लें। मिश्रण में अब मिल्क पाउडर और चीनी मिलाएं। जब चीनी घुल जाए तो इलायची पाउडर मिलाकर गैस बंद कर दें। तैयार हलवे को सर्विंग बाउल में निकालकर उसके ऊपर बादाम की कतरन डालेंऔर ऊपर से चांदी का वर्क लगाकर अंजीर का हलवा सर्व करें ।

सूजी बर्फी

सामग्री

- तिल - 150 ग्राम
- सूजी - 180 ग्राम
- चीनी - 225 ग्राम
- घी - 125 ग्राम
- पिस्ता - 1 टेबल स्पून
- बादाम - 1 टेबल स्पून
- घी - 2 टेबल स्पून
- इलायची पाउडर - 1 छोटी चम्मच

विधि

तिल सूजी की बर्फी बनाने के लिए सबसे पहले तिल भून लीजिए। इसके लिए पैन गरम कीजिए। इसमें तिल डालकर लगातार चलाते हुए तब तक तिल को भूनिए जब उसका रंग हल्का सा बदलने लगे और वह हल्का सा फूलने लगे। भुने तिल को प्लेट में निकाल लीजिए। अब कड़ाही में घी डालकर इसमें सूजी डाल दीजिए और सूजी को लगातार चलाते हुए धीमी से मध्यम आंच पर हल्की ब्राउन होने और अच्छी महक आने तक भून लीजिए। सूजी भुन जाने पर इसे भी प्लेट में निकाल लीजिए। पिस्तों को पतला-पतला काट लीजिए और बादाम को भी बारीक काटकर तैयार कर लीजिए।

चाशनी बनाएं : पैन में चीनी और कप पानी डालकर चीनी के पानी में घुलने के बाद 1 से 2 मिनिट तक पकाएं। जब चाशनी में से तार निकलने लगे तो समझ लीजिए चाशनी बनकर के तैयार है। इलायची पाउडर और बारीक कटे हुए बादाम डालकर अच्छे से मिक्स कीजिए। एक थाली को थोड़े से घी से चिकना कीजिए। मिश्रण को थाली में डालकर फैलाइए और बारीक कटे हुए पिस्तों से इसे सजा दीजिए। बर्फी को ठंडा होने के लिए रख दीजिए। मिश्रण के जम जाने पर इसे चाकू की सहायता से अपने मनपसंद आकार के टुकड़ों में काट सर्व करें

टाईम पास

आज का राशिफल

मेष (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सबेरे ही निपटा लें। रुपए पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। शुभांक-3-5-7

वृष (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया कमजोर बना रहेगा। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। बनते हुए कार्यों में बाधा आएगी। कुछ आर्थिक चिंताएं भी कम होगी। नियोजित धन से लाभ होने लगेगा। घर के सदस्य मदद करेंगे। शुभांक-5-6-9

मिथुन (का की कू घ ङ छ के को हा): अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। सुख आरोग्य प्रभावित होगा। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। किसी नजदीकी शुभचिंतक सलाह उपयोगी सिद्ध होगी। शुभांक-2-5-7

कर्क (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। बुद्धि, बल व पराक्रम सफल होगा। व्यापार में वृद्धि व उत्तम लाभ मिलेगा। मित्रों की उपेक्षा करना ठीक नहीं रहेगा। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है। पुराने मित्र से मिलन होगा। पुरुषार्थ का सहारा लें। शुभांक-5-6-7

सिंह (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): स्वास्थ्य की ओर विशेष ध्यान रहें। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है। स्वविवेक से कार्य करें। शुभांक-4-6-7

कन्या (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होंगी। आलस्य का त्याग करें। शुभांक-6-8-9

तुला (रा री रु रे रो ता ती तू ते): प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। मनोरथ सिद्धि का योग है। सभा-गोष्ठियों में सम्मान मिलेगा। प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच आनन्ददायक दिन रहेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। शुभांक-6-7-8

वृश्चिक (तो ना नी नू ने नो य यी यू): स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की दौड़-भाग से यदि बचा जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। आय के अच्छे योग बनेगें। संतान की उन्नति के योग हैं। शुभांक-5-6-8

धनु (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): नवीन उद्योगों के अवसर बढ़ेगे व अभिलाषाएं पूर्ण होगी। विश्वस्त लोगों के कहे अनुसार चलें। राजकीय कार्यों में सतर्कता बरतें। मान-सम्मान को ठेस लग सकती है। जोश से कम व होश में रहकर कार्य करें। नये आगंतुकों से लाभ होगा। जो चल रहा है उसे सावधानीपूर्वक संभालें। शुभांक-5-6-7

मकर (भे जा जी खी खू खे खो गा गी): एकाकी वृत्ति त्यागें। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात् दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे साथ ही आगे के लिए रास्ता भी बन जाएगा। कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। शुभांक-5-8-9

कुंभ (गू गे गो सा सी सू से सो दा): सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होगी। मनोविनोद बढ़ेंगे। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों से समागम। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। शुभांक-3-7-9

मीन (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। लाभ में आशातीत वृद्धि तय हैं मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। किसी पुराने संकल्प को पुरा कर लेने का दिन हैं। "आगे-आगे गौरख जागे" वाली कहावत चरितार्थ होगी। निष्ठा से किया गया कार्य पराक्रम व आत्मविश्वास बढ़ाने वाला होगा। इच्छित कार्य सफल होंगें। शुभांक-1-6-9

काकुरो पहेली - 2616



खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:

काकुरो - 2615 का हल



लॉफिंग ज़ोन

बड़े लंबे अरसे बाद दो पुराने पड़ोसी दोस्त मिले। एक-दूसरे का हालचाल पूछने पर मालूम हुआ कि दोनों शादी कर चुके हैं।

पहला उत्सुकतावश बोला- कैसी है तुम्हारी पत्नी?

दूसरे ने चहककर बताया- मेरी पत्नी का क्या कहना यार! वो तो स्वर्ग की अप्सरा है अप्सरा...!

पहला मायूस होकर दबे स्वर में बोला- खुशकिस्मत हो भाई! मेरी तो अभी जिंदा है....।

□ □ □

बहुत दिनों के बाद पुराने मित्रों का मिलन हुआ। रमेश ने पूछा- तुम्हारी उस प्रेमिका का क्या हुआ, जिसके तुम बहुत बड़े आशिक हुआ करते थे, उस जमाने में।

नरेश- कुछ खास नहीं! उसकी माँग इतनी बड़ी थी कि मुझे उससे रिश्ता तोड़ना पड़ा।

रमेश- अच्छा! लेकिन तुम्हारी प्रेमिका की माँग क्या थी?

नरेश- तुमसे शादी करने की।

□ □ □

एक बच्चा तालाब में डूब रहा था। सभी देख रहे थे। किसी में हिम्मत न थी कि बच्चो को बचा लाए। तभी एक साहब ने छलांग लगा दी और बच्चो को बचा लिया। दर्शकों में से एक बोला - बडी हिम्मत की आपने ।

वह व्यक्ति बोला - हिम्मत की ऐसी-तैसी, पहले यह बताओ, मुझे धक्का किसने दिया था ?

फिल्म वर्ग पहेली- 2616



बायें से दायें:-

१. अमिताभ, राखी, की 'एक रास्ता है' गीत वाली फिल्म-२,३
४. 'ये नैन डरे डरे' गीत वाली फिल्म-३
६. सनी देओल, रवीना की 'दिल ना किसी का जाये' गीत वाली फिल्म-३
७. 'मैं तुझसे मिलने आई मंदिर जाने के बहाने' गीत वाली की फिल्म-२
९. संजयदत्त, पूजा की 'रहने को घर नहीं है' गीत वाली फिल्म-३
१०. 'कुछ लोग मुहब्बत करके' गीत वाली राज बब्बर, डिम्पल की फिल्म-२
१२. अजय देवगन, ट्विंकल खन्ना की जोड़ी वाली पहली फिल्म-२
१४. 'डाकिया रोज गली पर' गीत वाली मिथुन, स्वाति, मानसी की फिल्म-२
१६. 'हम प्यार करने वाले' गीत वाली फिल्म-२
१७. 'थोड़ा है थोड़े की' गात वाली राकेश रोशन, बिंदिया की फिल्म-२,२
१८. 'मैंने कहा फूलों से' गीत वाली फिल्म-२
१९. 'जिंदगी के खेल में' गात वाली अनिल कपूर, माधुरी की फिल्म-२
२०. फिल्म 'डकैत' में मीनाक्षी के साथ नायक कौन था?-२
२२. फिल्म 'परिंदा' में 'अन्ना' के चरित्र की भूमिका किसने की थी?-२
२३. 'ई है बंबई नगरिया' गीत वाली फिल्म-२
२५. जीतेंद्र, जया की 'बीती ना बिताई रैना' गीत वाली फिल्म-४
२७. 'झोंपड़ी में चारपाई' गीत वाली जीतेंद्र, श्रीदेवी, जया की फिल्म-३
२९. 'कितना बेचैन होके' गीत वाली फिल्म-३
३१. संजीव, राखी की एक फिल्म-३
३२. 'तारे हैं बारती' गीत वाली फिल्म-४

ऊपर से नीचे:-

१. 'कितना प्यारा वादा' गीत वाली फिल्म-३
२. सुनीलदत्त, किशोर सायरा की फिल्म-४
३. 'सुंदरा सुंदरा' गात वाली फिल्म-३
४. फिल्म जिसमें शाहरूख ने गूँगे की भूमिका की थी-३
५. 'राहों में उड़ती जाए बिछड़े' गीत वाली फिल्म-२
८. 'जीवनमृत्यु' में धर्मेन्द्र के साथ नायिका?-२
११. 'अबके बरस ये हाल है' गीत किस म्यूजिक एलबम का है?-२
१२. 'मिजाजे गिरामी दुआ है' गीत वाली फिल्म-२
१३. संजय कपूर, शिल्पा की 'टक टका टक' गीत वाली फिल्म-३
१५. 'बिन साजन झूला झूलूँ' गीत वाली फिल्म-३
१६. फिल्म 'शोला और शबनम' में गोविंदा की नायिका कौन थी?-२
१७. 'पालकी में होके सवार' गीत वाली फिल्म-५
२० 'आंखों में नींदें ना' गीत वाली फिल्म-३
२१. जीतेंद्र, नंदा की 'देखते ही तुझे मेरे दिलने कहा' गीत वाली फिल्म-४
२४. 'सजना साथ निभाना' गीत वाली फिल्म-२
२६. लक्की अली, गौरी की एक फिल्म-२
२८. 'एक बेचारा प्यार का मारा' गीत वाली फिल्म-३
३०. विनोद खन्ना, भानुप्रिया की फिल्म-२

फिल्म वर्ग पहेली-2615

सूडोकु -2616

		6	4		5	8		
9				1				7
6	5			4			7	1
	4						2	
1	2			6			9	8
3				8				9
		8	6		9	5		

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु - 2617 का हल

2	4	5	6	9	8	1	7	3
1	7	6	4	3	5	8	2	9
3	8	9	1	2	7	6	5	4
9	1	7	3	6	2	4	8	5
5	6	3	8	7	4	9	1	2
4	2	8	5	1	9	3	6	7
7	3	1	9	5	6	2	4	8
8	9	2	7	4	1	5	3	6
6	5	4	2	8	3	7	9	1

शब्द पहेली -2616

बाएँ से दाएँ

1.सुरक्षित-4
4.माहुर,आलता-4
7.कार्य,काज-2
8.रांझे की प्रेमिका-2
9.स्याही,कालिख-2
10.भूमि,धरा-2
12.ठाठ-बाट-2
14.अधर,होठ-2
16.विशाल,श्रेष्ठ-3
18.आदेश,आज्ञा-4
20.कृष्ण भक्त एक मुस्लिम कवि-4
23.काका की पत्नी-2
24.कामदेव की पत्नी-2
25.जनवासा,हरम-4
28.हमसफर-4
30.कपड़े धोने वाला-3
33.आनंद,मौज-2
35.संदेह-2
37.सरूर,खुमार-2
39.मृत्यु का देवता-2
41.पुण्य का विलोम-2
42.परछाई,छाया-2
43.शिव,रुद्र,शंकर-4
44.सराबोर,सना हुआ-4

ऊपर से नीचे

1.समान,एक जैसा-2
2.बारीक-3
3.भीगा हुआ-2
4.मेरा (संस्कृत-2)
5.पाना,प्राप्त-3
6.घोड़ागाड़ी,गाड़ी-2
7. कहवा-2
11.उद्देश्य-2
12.गजल लिखनेवाला-3
13.उस जगह-2
15.बारिश,वर्षा-3
16.जी,चित-2
17.मर्द,आदमी-2
18.दरवेश-3
19.मध्य प्रदेश का एक क्षेत्र-3
21.साजन,प्रेमी-3
22.मुलायम-3
26.कायदा,कानून-3
27.महोदय (अंग्रेजी)-2
28.अधिकार-2
29.खटखटाना-3
31.जगत,दुनिया-2
32.प्राण,जीव-2
34.स्वाद-3
35.प्रतिज्ञा-3
36.शरीर,तन-2
38.संध्या,सांझ-2
40.अपशिष्ट पदार्थ-2
41.मस्तूल,नौका पर बांधा जाने वाला कपड़ा-2
42.संग,संगत-2

शब्द पहेली -2615 का हल

भारत में जीतना बेहद कड़ी चुनौती, इंग्लैंड के ऑलराउंडर क्रिस वोक्स का बड़ा बयान

नई दिल्ली। ऑलराउंडर क्रिस वोक्स ने कार्य की कठिनता को स्वीकार करते हुए कहा कि इंग्लैंड मौजूदा विश्व कप में भारत को करारी शिकस्त देने में सक्षम है। भारत ने प्रत्येक चार साल में होने वाले विश्व कप में अपने अभियान का आगाज शुरुआती दो मैच में ऑस्ट्रेलिया और अफगानिस्तान के खिलाफ दो आसान जीत के साथ किया। गत चैंपियन इंग्लैंड हालांकि बांग्लादेश को मात देने से पहले न्यूजीलैंड से हार गया। वोक्स ने कहा, 'भारत में जीतना बेहद कठिन चुनौती है। मुझे लगता है कि उपमहाद्वीप की टीमें घरेलू परिस्थितियों में अधिक सहज महसूस करेंगी। इंग्लैंड की 2019 की विश्व चैंपियन टीम के सदस्य वोक्स ने हालांकि कहा कि उनके पास भारत को मात देने की क्षमता है। भारत और इंग्लैंड 29 अक्टूबर को लखनऊ में आमने-सामने होंगे। वोक्स ने कहा, 'इससे हमारे लिए उन्हें उनकी सहजता से बाहर करना बेहद कठिन हो जाता है। लेकिन हमारे पास प्रतिस्पर्धा करने में सक्षम टीम और खिलाड़ी हैं। उन्होंने कहा, 'लोगों ने कुछ समय से हमें देखा है और सफेद गेंद के प्रारूप की टीम के रूप में दुनिया भर में हमारे से कुछ उम्मीदें हैं। वारविकशर के इस खिलाड़ी ने कहा कि टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए इंग्लैंड को खिलाड़ियों से अपेक्षाओं पर काबू पाना होगा। वोक्स ने कहा, 'जीतने के लिए यह एक कठिन प्रतियोगिता है, क्या ऐसा नहीं है? खासकर यहां। लेकिन हम अच्छी चुनौती देंगे। हम एक बार में एक मैच पर ध्यान दे रहे हैं। स्वाभाविक रूप से लोगों को हमारे से उम्मीदें हैं और हमें निश्चित रूप से खुद से उम्मीदें हैं।

'वर्ल्ड एथलीट ऑफ द ईयर 2023 अवार्ड' के लिए सूची जारी, नीरज चोपड़ा भी लिस्ट में शामिल

नई दिल्ली। भारत के स्टार भाला फेंक चैंपियन नीरज चोपड़ा का नाम वर्ल्ड एथलेटिक्स ने 'मेंस वर्ल्ड एथलीट ऑफ द ईयर 2023 अवार्ड' के लिए नामांकित किया है। इंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफ एथलेटिक्स फेडरेशन (वर्ल्ड एथलेटिक्स) ने गुरुवार को इस पुरस्कार के लिए 11 एथलीटों के नामों की सूची जारी की है।

सूची में भारत के स्टार भाला फेंक चैंपियन नीरज चोपड़ा तथा एथलीट की विभिन्न स्पार्धाओ में शानदार प्रदर्शन करने वाले रयान क्राउसर (अमेरिका), मोंडो डुप्लांटिस (स्वीडन), सूफ़यान एल बक्काली (मोरक्को), जैकब इंगेब्रिग्त्सेन (नॉर्वे), केल्विन किप्टम (केन्या), पियर्स लेपेज (कनाडा), नोह लाइल्स (अमेरिका), अल्वारो माटिर्न (स्पेन), मिल्टियाडिस टेंटोगलोउ (यूनान) और कास्टर्न वारहोल्म (नॉर्वे), के नाम शामिल है।

नीरज चोपड़ा ने इस साल की शुरुआत में बुडापेस्ट में विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतकर पहले भारतीय होने का इतिहास रचा था। उसके बाद 25 वर्षीय खिलाड़ी ने एशियन खेलों में अपने खिताफ को कायम रखा। हालांकि इससे पहले वह डायमंड लीग 2023 में दूसरे स्थान पर रहे थे। नीरज चोपड़ा वर्ष 2023 के पुरुष विश्व एथलीट पुरस्कार के लिए चुने गए 11 एथलीटों में से एक हैं। हालांकि इस दौरान उन्हें बाक़ी दस एथलीटों से कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ सकता है। अमेरिका के स्प्रिंटर नोह लायल्स 100 मीटर और 200 मीटर के विश्व चैंपियन हैं। उन्होंने बुडापेस्ट 2023 में पुरुषों की 4×100 मीटर रिले में अमेरिका के लिए स्वर्ण पदक भी जीता था। मोरक्को के सूफियान एल बक्काली, जो 3000 मीटर स्टीपलचेज में एक दिग्गज खिलाड़ी हैं।

पूर्व मुख्य चयनकर्ता बोले- पाकिस्तान के खिलाफ जरूर खेलेंगे गिल

नई दिल्ली। शुभमन गिल के लिए सान 2023 लाजवाब रहा है। लेकिन विश्व कप में वह अभी खेल नहीं पाए हैं क्योंकि उन्हें विश्व कप से पहले डेंगू हो गया था। लेकिन अब वह इससे उभर चुके हैं और उन्होंने कल अहमदाबाद पहुंचने पर एक घंटा प्रैक्टिस भी की। ऐसे में भारत के पूर्व मुख्य चयनकर्ता एमएसके प्रसाद का मानना है कि गिल निश्चित रूप से पाकिस्तान के खिलाफ खेलेंगे।

उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि हम सभी प्रकार की अटकलों पर विराम लगा सकते हैं। शुबमन गिल निश्चित रूप से यह खेल (बनाम पाकिस्तान) खेलेंगे। वह इतने अच्छे खिलाड़ी हैं कि उन्हें बाहर नहीं किया जा सकता। उन्हें सिर्फ बुखार था। वह ठीक हो गए हैं। यह कोई खतरा नहीं था हम प्रतिस्थापन के बारे में भी सोचेंगे। ये सभी अफवाहें हैं जो (बीमारी की गंभीरता के बारे में) सामने आ रही हैं, चाहे आप किसी भी रूप में सुन रहे हों। उन्होंने कहा, हमने जो सुना वह यह था कि एहतियात के तौर पर, वह दूसरा गेम नहीं खेल सका अन्यथा वह ठीक था। वह एहतियात के तौर पर चेन्नई में एक और दिन के लिए रुका था। वह अच्छी तरह से ठीक हो गया और उसे छुट्टी दे दी गई। देखें 1 घंटे तक खेलने का मतलब है कि वह ठीक हो गया है। यह पाकिस्तान के खिलाफ एक बहुत ही महत्वपूर्ण खेल है। अगर वह फिट है और मुझे यकीन है कि वह फिट है, तो उसे भारत की प्लेइंग इलेवन में होना चाहिए।

विश्व कप : अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में ऑस्ट्रेलिया के 7वें सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बने स्टीव स्मिथ

लखनऊ। ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज स्टीव स्मिथ महान विकेटकीपर-बल्लेबाज एडम गिलक्रिस्ट को पीछे छोड़ते हुए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में देश के सातवें सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए। स्मिथ ने लखनऊ में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आईसीसी क्रिकेट विश्व कप मैच के दौरान यह उपलब्धि हासिल की। मैच में उन्होंने 16 गेंदों में चार चौकों की मदद से सिर्फ 19 रन बनाए और ऑस्ट्रेलियाई विकेटकीपर से आगे निकल गए। स्मिथ ने 312 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 49.03 की औसत से 15,447 रन बनाए हैं। उनके नाम 363 पारियों में 44 शतक और 73 अर्द्धशतक हैं, जिसमें उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 239 है। स्मिथ टेस्ट के जादूगर हैं. 102 मैचों और 181 पारियों में, उन्होंने 58.61 की औसत से 9,320 रन बनाए हैं, जिसमें उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 239 है। इस प्रारूप में उनके नाम 32 शतक और 39 अर्द्धशतक हैं।

बल्लेबाज ने ऑस्ट्रेलिया के लिए 147 एकदिवसीय मैच भी खेले हैं, जिसमें 44.12 की औसत और 87 से अधिक की स्ट्राइक रेट से 5,119 रन बनाए

हैं। उन्होंने 131 पारियों में 12 शतक और 30 अर्द्धशतक बनाए हैं, जिसमें उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 164 है। 63 टी20 और 51 पारियों में, उन्होंने 25.20 की औसत और 125 से अधिक की स्ट्राइक रेट से 1,008 रन बनाए हैं, जिसमें उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 90 है। इस प्रारूप में उनके नाम चार अर्द्धशतक दर्ज हैं।

वहीं, गिलक्रिस्ट ने 395 अंतरराष्ट्रीय मैचों और 428 पारियों में 38.98 की औसत से 15,437 रन बनाए हैं, जिसमें 33 शतक और 81 अर्द्धशतक शामिल हैं और उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 204* है। वह अब क्रिकेट के सभी प्रारूपों में ऑस्ट्रेलिया के लिए आठवें सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं। ऑस्ट्रेलिया के लिए सर्वाधिक अंतरराष्ट्रीय रन बनाने वाले खिलाड़ी रिकी पोंटिंग हैं।

उन्होंने 559 मैचों और 667 पारियों में 45.84 की औसत से 70 शतक और 146 अर्द्धशतक के साथ 27,368 रन बनाए हैं।

उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 257 है। सर्वकालिक स्कोररों की सूची में उनके बाद स्टीव वॉ (18,496), डेविड वार्नर (17,832), एलन बॉर्डर (17,698), माइकल क्लार्क (17,112), मार्क वॉ (16,529) और स्मिथ हैं।

केंट क्रिकेट क्लब के कप्तान नियुक्त हुए डेनियल बेल-ड्रमंड

लंदन। केंट ने डेनियल बेल-ड्रमंड को सैम बिलिंग्स के स्थान पर क्लब का कप्तान नियुक्त किया है - हालांकि बिलिंग्स टी20 टीम का नेतृत्व करना जारी रखेंगे।

30 वर्षीय बेल-ड्रमंड, केंट अकादमी से आए और उन्होंने क्लब के लिए सभी प्रारूपों में 369 मैच खेले, उन्होंने बिलिंग्स की अनुपस्थिति में कई मौकों पर टीम की कप्तानी भी की है। पिछले सीज़न में, उन्होंने नॉर्थहेम्पटनशायर के खिलाफ करियर की सर्वश्रेष्ठ नाबाद 300 रन की पारी खेली।

क्लब का कप्तान नियुक्त किये जाने पर बेल-ड्रमंड ने कहा, मैं सात साल की उम्र से केंट क्रिकेटर रहा हूं; मुझे क्लब बहुत पसंद है। अब बाकी खिलाड़ियों के साथ-साथ कप्तान के रूप में केंट क्रिकेट को नए सीज़न में आगे ले जाना मेरा काम है और यह एक चुनौती है जिसका मैं

इंतज़ार कर रहा हूँ। उन्होंने कहा,मैं साइमन कुक और मैट वॉकर के साथ काम करने के लिए उत्सुक हूं, ताकि इस टीम को सभी मोर्चों पर प्रतिस्पर्धी बनाया जा सके, लेकिन यह भी सुनिश्चित किया जा सके कि हमारे शानदार पाथवे कोचों की मदद से यह लोकाचार हमारे आयु वर्ग के दस्तों तक फैल जाए। केंट के क्रिकेट निदेशक साइमन कुक ने कहा, हमें डेनियल को अपने क्लब का कप्तान नियुक्त करते हुए खुशी हो रही है। वह ड्रेसिंग रूम में वास्तविक लीडर्स में से एक हैं और उन्होंने बार-बार हमारे मार्की खिलाड़ियों में से एक होने का सबूत दिया है। जरुरत पड़ने पर कप्तान के रूप में या एक वरिष्ठ खिलाड़ी के रूप में बुलाए जाने पर उन्होंने उदाहरण पेश किया है, और मुझे डेनियल पर पूरा भरोसा है।

उन्होंने आगे कहा,हमें इस बात की भी खुशी है कि सैम बिलिंग्स हमारी टी20 टीम का नेतृत्व जारी रखेंगे। सैम के पास टी20 क्रिकेट के सबसे बड़े टूर्नामेंटों में खेलने और जीतने का अमूल्य अनुभव है, जिसमें 2021 में हमें टी20 खिताब दिलाने के लिए कप्तानी करना भी शामिल है।

भारत-पाकिस्तान क्रिकेट मैच का क्रेज, रेलवे ने अहमदाबाद जाने के लिए चलाई विशेष ट्रेन

अहमदाबाद। अहमदाबाद के नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में कल होने वाले भारत-पाकिस्तान मैच को लेकर जबरदस्त क्रेज है। दोनों टीमों के लिए वर्ल्ड कप का यह तीसरा मैच है। दोनों ही टीमें 2-2 मैच जीत चुकी हैं। उत्साह को देखते हुए रेलवे ने क्रिकेटप्रेमियों को सौगात दी है।

मुंबई से अहमदाबाद जाने के लिए रेलवे ने दो विशेष ट्रेनें चलाई हैं। ये ट्रेन नवी मुंबई से निकलेंगी, जो कल अहमदाबाद पहुंचेंगी। ये ट्रेन दादर, पालघर, वापी, वलसाड़, नवसारी, सूरत और वडोदरा होते हुए अहमदाबाद पहुंचेंगी। साथ ही 15 अक्टूबर को 4 बजे यह ट्रेन वापस अहमदाबाद से नवी मुंबई के लिए रवाना होंगी। ऐसा पहली बार है, जब मैच के लिए रेलवे ने स्पेशल ट्रेन शुरू की है।

मर्डेका कप ; सेमीफाइनल में मेजबान मलेशिया की चुनौती के लिए तैयार भारतीय टीम

नई दिल्ली। भारतीय फुटबॉल टीम शुक्रवार को कुआलालंपुर के बुकिट जलील स्टेडियम में 2023 मर्डेका कप के सेमीफाइनल में मेजबान मलेशिया की चुनौती के लिए तैयार है। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में यह भारतीय टीम की 18वीं उपस्थिति है और 21 साल की अनुपस्थिति के बाद टूर्नामेंट में उनकी वापसी हुई है। मर्डेका कप से भारत का विशेष संबंध है क्योंकि इस आयोजन से टीम का लंबा इतिहास रहा है। एआईएफएफ.कॉम के अनुसार, स्वतंत्रता प्राप्त करने के बाद से भारत ने मलेशिया के मर्डेका कप में किसी भी अन्य अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता की तुलना में अधिक बार भाग लिया है, ऐसा कुल मिलाकर 17 बार हुआ है। मलेशिया और भारत के बीच लंबे समय से प्रतिद्वंद्विता है; 31 मुकाबलों के साथ मलेशिया भारत का सबसे बड़ा प्रतिद्वंद्वी रहा है। इसलिए ब्लू टाइगर्स अपनी क्षमताओं को प्रदर्शित करने और

खुद को स्थापित करने के लिए उत्सुक होंगे। हालाँकि, मलेशिया, जिसे घरेलू मैदान पर चैंपियनशिप जीतने का प्रबल दावेदार माना जा रहा है, भारत के लिए एक कठिन चुनौती पेश करेगा। प्रतिभाशाली खिलाड़ियों की टीम के साथ, मलेशियाई टीम ने हाल के वर्षों में काफी सुधार किया है। टूर्नामेंट के इस संस्करण में सबसे निचली रैंकिंग वाली टीम होने के बावजूद वे अपनी क्षमता का प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित होंगे।

भारत-पाक मैच से पहले वकार ने कहा- खिलाड़ी मैदान पर पेशेवर, बाहर दोस्त

नई दिल्ली। पाकिस्तान के पूर्व कप्तान और तेज गेंदबाज वकार यूनुस ने आईसीसी एकदिनी विश्व कप से पहले कहा है कि खिलाड़ी भले मैदान पर पेशेवर होते हैं, लेकिन बाहर सभी दोस्त होते हैं।

वकार ने प्रसिद्ध चॉकलेट कंपनी फेबैल द्वारा यहां आयोजित एक कार्यक्रम में कहा, ÷मैदान पर हम देश के लिए खेलते हैं तो पेशेवर रूख अपनाते हैं, इस दौरान हम आक्रामक भी होते हैं और स्लेजिंग वगैरह भी करते हैं।

उन्होंने 1996 विश्व कप में भारत-पाकिस्तान मैच का उल्लेख करते हुए वकार ने कहा, उस मैच में आखिरी के ओवरों में अजय जडेजा ने उनके खिलाफ काफी रन बनाए, मैच में थोड़ी बहुत दोनों देशों के खिलाड़ियों के बीच स्लेजिंग भी हुई, लेकिन यह सब केवल मैदान पर था। मैदान के बाहर जडेजा से उनकी काफी अच्छी दोस्ती है और वह मेरे पारिवारिक दोस्त की तरह हैं। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ

तस्मानिया में खेले गए एक टेस्ट मैच का भी उल्लेख किया, जिसमें जस्टिन लैंगर और एडम गिलक्रिस्ट ने शतक लगाए थे। वकार ने कहा, ÷उस मैच में लैंगर और गिलक्रिस्ट ने शतक लगाए, मैंने लैंगर को स्लेज भी किया, लेकिन अंदर से डरा भी हुआ था, क्योंकि लैंगर कराटे में ब्लैक बेल्ट हासिल किये हुए हैं, लेकिन जब वह मैदान के बाहर मिले तो उनका व्यवहार एक बच्चे की तरह था वो काफी मिलनसार हैं और अब मेरे सबसे अच्छे दोस्तों में से एक हैं। कार्यक्रम में भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक और पूर्व ऑस्ट्रेलियाई महिला क्रिकेट टीम की कप्तान लिजा स्टेलकर भी मौजूद थे। कार्तिक और लिजा ने भी वकार की बातों का समर्थन करते हुए कहा कि खेल देशों को जोड़ता है और कई देशों को एक साथ लाने का काम भी किया है। हम भाग्यशाली हैं कि खेलों से जुड़े हैं। कार्यक्रम के दौरान फेबैल के नए चॉकलेट प्रोडक्ट 'वन अर्थ' को लांच भी किया गया।

विश्वकप में ऑस्ट्रेलिया की सबसे बड़ी हार, दक्षिण अफ्रीका ने 134 रनों से दी मात

लखनऊ। पांच बार के विश्व चैम्पियन ऑस्ट्रेलियाई टीम को एकदिवसीय विश्वकप के इतिहास में अब तक की सबसे बड़ी हार नसीब हुई है। लखनऊ के इकाना स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका ने ऑस्ट्रेलिया को 134 रनों से मात दी है। इससे पहले 1983 में भारतीय टीम ने ऑस्ट्रेलिया को 118 रन से हराया था।

दक्षिण अफ्रीका की ओर से मिले 312 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलियाई टीम का प्रदर्शन बेहद निराशाजनक रहा। अफ्रीकन तेज गेंदबाजी के आगे पांच बार के विश्व चैम्पियन ऑस्ट्रेलिया की मजबूत बल्लेबाजी पूरी तरह बिखर गई। कंगारू टीम के छह बल्लेबाज 18 ओवर के अंदर ही पवेलियन लौट गए। ऑस्ट्रेलिया के लिए मार्कस लाबुशेन (46) ने थोड़ा संघर्ष

दिखाया लेकिन दूसरे छोर से उन्हें खास समर्थन नहीं मिला। हालांकि मिशेल स्टार्क (27) और पैक कमिंस (22) ने थोड़ा साथ देने की कोशिश की लेकिन वह नाकाफी रही। पूरी टीम 41वें ओवर तक पवेलियन में थी। इस तरह ऑस्ट्रेलिया ने अपनी ही सबसे बड़ी हार के रिकॉर्ड को तोड़ते हुए नया रिकॉर्ड बनाया। दक्षिण अफ्रीका के लिए कगिसो रबाडा ने सबसे ज्यादा तीन विकेट झटके। जबकि मार्को जेनसन, केशव महाराज और तबरेज शम्सी ने दो-दो विकेट लिए। वहीं नगिदी को एक सफलता मिली। इससे पहले, टॉस हारकर बल्लेबाजी करते हुए दक्षिण अफ्रीका ने दमदार प्रदर्शन करते हुए 311 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। सलामी बल्लेबाजी क्विंटन डि कॉक ने 109 रनों की शानदार पारी खेली।

जबकि कप्तान बुवामा ने 35, वानडर डुसैन ने 26, मार्करम ने 56 और क्लासेन ने 29 रन का योगदान दिया। वहीं आखिरी ओवरों में डेविड मिलर और मार्को जेनसन ने क्रमशः 17 और 26 रन की तेजतर्रार पारी खेली। ऑस्ट्रेलिया के लिए मिशेल स्टार्क और ग्लेन मैक्सवेल को दो-दो सफलता मिली। जबकि हैजलवुड, कमिंस और जैम्पा के खाते में एक-एक विकेट रहा।

इंडिया वर्सेस पाकिस्तान हाईवोल्टेज मुकाबले से पहले होगी सेरेमनी

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड यानी बीसीसीआई ने गुरुवार को यह ऐलान कर दिया है कि आईसीसी मेंस वनडे वर्ल्ड कप 2023में 14 अक्टूबर को होने वाले इंडिया वर्सेस पाकिस्तान हाईवोल्टेज मुकाबले से पहले एक सेरेमनी होगी। इस दौरान लीजेंड सिंगर शंकर महादेवन के अलावा अरिजीत सिंह और सुखविंदर सिंह परफॉर्म करेंगे। यह मैच अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाना है जो दुनिया का सबसे बड़ा क्रिकेट स्टेडियम है। बीसीसीआई ने गुरुवार को ट्वीट कर इस सेरेमनी की जानकारी दी।

इंडिया वर्सेस पाकिस्तान मैच का आगाजा 2 बजे होना है। वहीं दोनों कप्तान, रोहित शर्मा और बाबर आजम, टॉस के लिए

आधा घंटा पहले मैदान पर उतरेंगे। इससे एक घंटे पहले यानी कि 12.30 बजे इस सेरेमनी का आगाज होगा। बता दें, वर्ल्ड कप 2023 के लिए कोई ओपनिंग सेरेमनी नहीं हुई थी।बात वर्ल्ड कप 2023 में अभी तक भारत और पाकिस्तान के प्रदर्शन की करें तो, दोनों टीमों ने अभी तक खेले अपने 2-2 मैच जीते हैं। भारत ने अपने पहले मैच में ऑस्ट्रेलिया को 6 विकेट से धूल चटाई थी, वहीं अफगानिस्तान को दिल्ली में 8 विकेट से रौंदा था। भारत प्वाइंट्स टेबल में फिलहाल तीसरे पायदान पर है। वहीं बात पाकिस्तान की करें तो, उन्होंने पहले मैच में नीदरलैंड्स पर तो दूसरे मुकाबले में श्रीलंका को चित किया था। बाबर आजम की टीम प्वाइंट्स टेबल में भारत के बिल्कुल नीचे चौथे पायदान पर है।

14 अक्टूबर को यह दोनों टीमें अपना-अपना तीसरा मैच खेलने उतरेगी। एक टीम यहां जीत की हैट्रिक लगाएगी वहीं दूसरे टीम को टूर्नामेंट की पहली हार का सामना करना पड़ेगा।

डाक कुश्ती प्रतियोगिता में यूपी ने लहराया परचम

लखनऊ। भारतीय खेल प्राधिकरण, नेताजी सुभाष क्षेत्रीय केंद्र, लखनऊ में संपन्न डाक कुश्ती प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश ने परचम लहराते हुए प्रतीक पाण्डेय को इस टूर्नामेंट में डाक केशरी का खिताब प्रदान किया गया। इस टूर्नामेंट में मेजबान उत्तर प्रदेश समेत 11 प्रदेशों डाक परिमंडलों के 95 खिलाड़ियों ने भाग लिया। इस टूर्नामेंट के दौरान कुल 118 मैच खेले गये।

लखनऊ में 10 अक्टूबर से चल रही 35वीं अखिल भारतीय डाक कुश्ती प्रतियोगिता का समापन महानिदेशक, पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड उ.प्र. रेणुका मिश्रा ने किया। मुख्य अथिति रेणुका मिश्रा व चीफ चीफ पोस्टमास्टर जनरल, उत्तर प्रदेश बा. सेल्वकुमार ने सभी विजेताओं को मेडल, ट्रॉफी व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

डाक कुश्ती प्रतियोगिता के अंतिम दिन ग्रीको रोमन और फ्री-स्टाइल कुश्ती प्रतियोगिता के कुल 3 मैच खेले गए। 65 किग्रा. भारवर्ग में उत्तर प्रदेश के संजय राय, 79 किग्रा. भारवर्ग में ओडिसा के केदार एवं 92 किग्रा. भारवर्ग में उत्तर प्रदेश के प्रतीक पाण्डेय ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया। ग्रीको रोमन कुश्ती में उत्तर प्रदेश के अमलेश और फ्री स्टाइल कुश्ती में भी उत्तर प्रदेश के संजय राय को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी घोषित किया गया। इस प्रतियोगिता में 7 स्वर्ण, 6 रजत तथा 4 कांस्य पदकों के साथ मेजबान उत्तर प्रदेश ने सर्वाधिक पदक प्राप्त किये। 5 स्वर्ण, 5 रजत तथा 3 कांस्य पदकों के साथ हरियाणा दूसरा स्थान तथा 3 स्वर्ण, 3 रजत तथा 7 कांस्य पदकों के साथ महाराष्ट्र तीसरा स्थान प्राप्त करने में सफल रहा।

पुलिस महानिदेशक, भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड रेणुका मिश्रा ने कहा कि खेल हमें शांति और अनुशासन की सीख देता है और लक्ष्य प्राप्ति की प्रेरणा देता है। मेडल किसी भी खिलाड़ी के लिए उसके कई वर्षों के कठिन परिश्रम का फल है। इस प्रकार के खेल कार्यक्रमों का समय-समय पर आयोजन करते रहना चाहिए। चीफ पोस्टमास्टर जनरल बा. सेल्वकुमार ने विभिन्न प्रान्तों से आए खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सभी ने पूरे टूर्नामेंट में एकता, अनुशासन और टीम भावना का परिचय दिया। उन्होंने खिलाड़ियों को आगे भी जीत के लिए तैयारी करते रहने का सन्देश दिया। इस अवसर पर एस.एफ.एच रिजवी, पोस्टमास्टर जनरल, कानपुर, कृष्ण कुमार यादव, पोस्टमास्टर जनरल, वाराणसी, राजीव उमराव, पोस्टमास्टर जनरल -आगरा, विवेक कुमार दक्ष, पोस्टमास्टर जनरल- लखनऊ, गौरव श्रीवास्तव, निदेशक प्रयागराज, राम विलास चौधरी, निदेशक गोरखपुर,आनन्द कुमार सिंह, निदेशक मुख्यालय, लखनऊ, सुबोध प्रताप सिंह, निदेशक कानपुर, आलोक ओझा, प्रवर अधीक्षक डाकघर, आर. एम. एस. व खेल विकास अधिकारी अरविन्द कुमार सिंह सहित तमाम अधिकारी-कर्मचारी व खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

ACTION INDIA

एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ देहरादून ▸ 14अक्टूबर 2023 ▸ पृष्ठ 08 ▸ आरएनआई: UTTHIN / 2009 / 31653

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

'देश में नजीर बनी नकल विहीन परीक्षा'

सीएम योगी ने मिशन रोजगार के अंतर्गत 219 प्रधानाचार्यों को नियुक्ति पत्र वितरित किया

टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ
मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जब तक नए शिक्षकों की नियुक्ति न हो जाए तब तक सेवानिवृत्त शिक्षकों से ही सेवाएं ली जाएं। उन्हें एक फिक्स मानदेय दिया जाए। उन्होंने कहा कि पिछली सरकार में माध्यमिक शिक्षा के कॉलेज नकल के अड्डे बन गए थे, जिनमें ठेके पर नकल कराई जाती थी। पिछले छह वर्षों में इसमें सुधार हुआ है। गत वर्ष माध्यमिक शिक्षा परिषद के द्वारा संपन्न हुई हाई स्कूल और इंटरमीडिएट बोर्ड की परीक्षा देश में एक नजीर बनी है। परिषद ने 15 दिन के अंदर 56 लाख विद्यार्थियों की नकल विहीन परीक्षा कराई और 15 दिन के अंदर ही परिणाम भी दे दिया। सीएम योगी ने शुक्रवार को लोकभवन में मिशन रोजगार के अंतर्गत उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा चयनित 219

प्रधानाचार्यों को नियुक्ति पत्र वितरित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रधानाचार्य शिक्षण संस्थान की रीढ़ होते हैं। अगर प्रधानाचार्य अनुशासित रहकर कॉलेज में नई गतिविधियों और नवाचारों को बढ़ावा देते हैं तो उसके सार्थक परिणाम सामने आते हैं। सीएम योगी ने कहा कि प्रधानाचार्यों को विद्यालयों को रचनात्मक गतिविधियों का केंद्र बनाकर अभिभावकों से संवाद करना चाहिए। विद्यार्थियों को पाठ्यक्रम के साथ-साथ देश-दुनिया और युवा कल्याण एवं महिला कल्याण से जुड़ी सरकार की योजनाओं के बारे में भी जानकारी देनी चाहिए। इससे विद्यार्थियों में ज्ञान के साथ-साथ जागरुकता भी आती है और प्रधानाचार्य का कार्यकाल भी यादगार बनता है। सीएम योगी ने कहा कि यह वही उत्तर प्रदेश है, जहां पिछली सरकारों में सुरक्षा में सेंध लगती थी। प्रदेश के नागरिक अपने आपको सुरक्षित नहीं महसूस कर पाते थे।

'एक करोड़ से ज्यादा युवाओं को नौकरी मिलेगी'

सीएम योगी ने कहा कि यूपी में अव्यवस्था और अराजकता का वातावरण होता था। दंगे और भ्रष्टाचार यहां की पहचान थे। निवेशक प्रदेश छोड़कर जा रहे थे। हमारी सरकार ने जब सुरक्षित माहौल दिया तो प्रदेश को ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के माध्यम से 38 लाख करोड़ रुपये का निवेश का प्रस्ताव प्राप्त हुआ। इससे एक करोड़ से ज्यादा युवाओं को नौकरी मिलेगी। उन्होंने कहा कि विगत छह वर्ष में निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से हमारी सरकार छह लाख नौजवानों को सरकारी नौकरी देने में सफल रही है। इसमें 164000 शिक्षकों की नियुक्ति हुई है। सीएम योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश आध्यात्मिक और

नियुक्ति

8 पिछली सरकार में माध्यमिक शिक्षा के कॉलेजों में ठेके पर कराई जाती थी नकल: सीएम योगी

सांस्कृतिक विरासत का केंद्र है। देश में सबसे ज्यादा आध्यात्मिक पर्यटन यहीं है, जिसमें भारी बढ़ोतरी हुई है। 2017 के पहले तक उत्तर प्रदेश में सिर्फ डेढ़ से दो करोड़ पर्यटक ही आते थे। आज यह संख्या बढ़कर एक वर्ष में 30 करोड़ पर्यटकों की हो चुकी है। प्रदेश में एक पर्यटक के आने से विभिन्न तरह के रोजगार सृजित होते हैं। उन्होंने कहा कि अगर सामूहिक रूप से प्रयास किए जाएं तो उत्तर प्रदेश देश की नंबर एक अर्थव्यवस्था बन सकता है। इसके हर क्षेत्र में कार्य करने वाले व्यक्ति को अपने स्तर पर कार्य करने होंगे। सीएम योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश शिक्षा का केंद्र रहा है। आजादी के समय देश के विभिन्न राज्यों में शिक्षकों की आपूर्ति उत्तर प्रदेश करता था। हमें फिर से उस दिशा में प्रयास करते हुए अनुशासित और राष्ट्र भक्त नागरिकों की फौज खड़ी करनी होगी। कार्यक्रम में माध्यमकि शिक्षा की राज्यमंत्री गुलाबो देवी, मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र, अपर मुख्य सचिव माध्यमिक शिक्षा दीपक कुमार, शिक्षा विभागी के अधिकारी और चयनित प्रधानाचार्य मौजूद थे।

फास्ट न्यूज

यमुनानगर: सभी मांगों को जल्द पूरा करेंगे: कार्तिकेय शर्मा

यमुनानगर: हरियाणा के यमुनानगर के विभिन्न इलाकों में जन संवाद कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा पहुंचे जहां उन्होंने लोगों की समस्याएं सुनी। इस दौरान अधिकांश जगह लोगों को खुलकर बोलने का मौका मिला। लोगों ने राज्य सभा सांसद के सामने अपनी समस्याएं रखी। जिस पर उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को अपना पक्ष रखने के निर्देश दिए। इनमें से कुछ समस्याओं का तो मौके पर ही समाधान कर दिया गया। जबकि अन्य समस्याओं के समाधान के लिए अधिकारियों ने समय मांगा। इस अवसर पर सांसद कार्तिकेय शर्मा ने कहा कि जो समस्याएं आ रही हैं। उनका अधिकारी गंभीरता से दूर करने का प्रयास करें। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने उनकी जिम्मेदारी लोगों के बीच में जाकर उनकी समस्याएं सुनने के लिए लगाई है ताकि ज्यादा से ज्यादा लोगों की समस्याओं का समाधान निकाले। उन्होंने माना कि कुछ समस्याएं ऐसी होती है जिनका तुरंत समाधान नहीं होता लेकिन कोशिश यह रहती है कि जनप्रतिनिधि ज्यादा से ज्यादा लोगों की समस्याएं दूर करें। इस अवसर पर लोगों ने अपने इलाके की गली के निर्माण, पार्क में सफाई व्यवस्था न होने, स्कूल को अपग्रेड करने, स्कूल से हाई टेंशन तारे गुजरने सहित अन्य समस्याएं रखी। जिस पर सांसद के आदेश पर अधिकारियों ने उन्हें दूर करने के लिए समय मांगा। इस अवसर पर यमुनानगर के विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने कहा कि जन संवाद कार्यक्रम का उद्देश्य यही है कि ज्यादा से ज्यादा लोगों की समस्याएं सामने आए, उनका समाधान हो। इसी को लेकर सरकार व मुख्यमंत्री गंभीरता से प्रयास कर रहे हैं। इस अवसर पर यमुनानगर के मेयर मदन चौहान, सभी विभागों के अधिकारी, बीजेपी के वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे।

'एसवाईएल को लेकर हरियाणा में लड़ी जा रही जुबानी जंग'

जींद: जयहिंद सेना के मुखिया नवीन जयहिंद ने कहा कि एसवाईएल के पानी को लेकर जुबानी जंग लड़ी जा रही हैं लेकिन हरियाणा को उसके हिस्से का पानी दिलाने के लिए कुछ नहीं किया जा रहा है। जबकि सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि 20 साल से एसवाईएल मामले को इम्पलीमेंट कराने के लिए कहा जा रहा है। ऐसे में अगर सुप्रीम कोर्ट के आदेशों की अवहेलना होगी तो सुप्रीम कोर्ट का कोई औचित्य नहीं रह जाता है। जयहिंद सेना के मुखिया नवीन जयहिंद शुक्रवार को पुरानी सब्जी मंडी रोड स्थित डेरा जवालमाला में पत्रकारों के साथ बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जींद जिला को पानी की सबसे ज्यादा जरूरत है। यहां अगर सौ बाल्टी पानी चाहिए तो केवल 60 बाल्टी ही मिल पा रही है। टीडीएस इतना है कि बीमारियां लग रही हैं। सुप्रीम कोर्ट ने अपने निर्णय में साफ कहा है कि एसवाईएल का पानी हरियाणा को मिले। बिना एसवाईएल पानी के हरियाणा प्रदेश की दस लाख एकड़ भूमि बंजर पड़ी है। अगर एसवाईएल का पानी हरियाणा को मिल जाता है तो स्वतः ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि हरियाणा प्रदेश में अन्न के भंडार लग जाएंगे। नवीन जयहिंद ने कहा कि एसवाईएल के नाम पर प्रदेश में केवल राजनीति की जा रही है और हरियाणा प्रदेश के लोगों को मूर्ख बनाने का काम किया जा रहा है।

भाजपा महंगाई पर बात नहीं करती: अखिलेश

लखनऊ
निषाद कश्यप समाज की बैठक में अखिलेश यादव ने इस्राइल के मुद्दे पर कहा कि समाजवादी किसी भी तरह के युद्ध के खिलाफ हैं। किसी के भी साथ अन्याय नहीं होना चाहिए। यह हमारी बहुत पुरानी नीति है। अखिलेश यादव ने कहा कि दोनों डिप्टी सीएम को सीएम काम नहीं करने दे रहे हैं। यही उनका दर्द है जिसे हमने सामने रख दिया। उन्होंने मीडिया से बातचीत में कहा अगर डिप्टी सीएम बृजेश पाठक वाकई जनता के सेवक हैं तो उन्हें जनता की सच्चे अर्थों में सेवा करनी चाहिए। अस्पतालों की हालत सुधारनी चाहिए। उन्होंने कहा यह भी देखा जाए कि डिप्टी सीएम अपना ट्विटर हैंडल खुद चलते हैं या कोई और चलाता है। अखिलेश ने कहा कि 2024 आते-आते भाजपा भी जातिगत जनगणना की मांग करेगी। देवरिया की घटना पर देर से कर्रवाई की। अगर मुख्यमंत्री पहले से सतर्क रहते तो यह घटना

हमला बोला

8 दोनों डिप्टी सीएम को सीएम काम नहीं करने दे रहे हैं। यही उनका दर्द है जिसे हमने सामने रख दिया

ही न होती। भाजपा सरकार ही जमीन विवादों के लिए जिम्मेदार है। दोनो डिप्टी सीएम अपराधी को बचाने में लगे है। अब समीक्षा की क्या जरूरत है। अब जनता छह साल की समीक्षा करेगी। 24 घण्टे बिजली नहीं, लेकिन सांड 24 घण्टे घूम रहे हैं। सरकार सड़ा आलू खरीद ले किसानों को लाभ मिलेगा। बीजीपी का पदार्फाश होगा। क्या डिप्टी सीएम गवर्नमेंट सर्वेंट नहीं है, वह सही मायनों में जनता की सेवा करें। मुख्यमंत्री दोनों डिप्टी सीएम को काम नहीं करने दे रहे। यही उनका दुःख है। इस्राइल के मुद्दे पर अखिलेश ने कहा हम लोग वॉर के पक्ष में नहीं है।

यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को अमेठी में 'सांसद खेल-कूद प्रतियोगिता-2023' के विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरण करते हुए।

बलिदानी वीरों को नमन: जम्मू में निकली अमृत कलश यात्रा

टीम एक्शन इंडिया/जम्मू
मेरी माटी मेरा देश के तहत शुक्रवार को जम्मू शहर में अमृत कलश यात्रा निकाली गई। जम्मू नगर निगम की ओर से इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जम्मू शहर के 75 वार्डों से वीर बलिदानियों के घरों से पवित्र मिट्टी और दो चुटकी चावल एकत्रित किए गए हैं। बलिदानियों के घर की मिट्टी और चावल को दिल्ली के कर्तव्य पथ पर बने रहे अमृत वाटिका पहुंचाया जाएगा। कलश यात्रा शहर के महाराजा हरि सिंह पार्क से यात्रा शुरू होकर गुलशन ग्राउंड पुहंचीं। यहां हुए कार्यक्रम में देश की रक्षा के लिए बलिदान हुए वीर सपूतों को नमन किया गया। जम्मू नगर निगम मेयर रजिंद्र शर्मा ने कहा कि जम्मू शहर के शहीदों के परिवारों को सम्मानित किया गया। उन्होंने कहा कि शहीदों को सम्मान देने के मकसद से केंद्र की भाजपा सरकार ने अभियान शुरू किया है जिसके तहत हर एक बलिदानी के गांव की मिट्टी एकत्रित की जा रही है। मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत घर-घर जाकर मिट्टी एकत्रित की और आज इसे अमृत कलश यात्रा निकालकर एक जगह एकत्रित किया।

ऑस्कर में स्वतंत्र प्रविष्टि के तौर पर भेजी जाएगी 'मिशन रानीगंज'

अक्षय कुमार स्टारर फिल्म मिशन रानीगंज 6 अक्टूबर को रिलीज होने के बाद बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई, लेकिन इसे अच्छे रिव्यू मिले। फिल्म मिशन रानीगंज के निमार्ताओं ने अब स्वतंत्र रूप से फिल्म को ऑस्कर में भेजने का फैसला लिया है। यह अभी भी स्पष्ट नहीं है कि मिशन रानीगंज ऑस्कर में किस श्रेणी में प्रतिस्पर्धा करेगी। यह फिल्म पश्चिम बंगाल के रानीगंज में एक खदान में फंसे 65 श्रमिकों को सुरक्षित निकालने वाले सरदार जसवन्त सिंह गिल के जीवन पर आधारित है।

धामी ने जिम कॉर्बेट टाइगर रिजर्व में की सफारी, सुरक्षा कर्मियों का बढ़ाया हौसला

टीम एक्शन इंडिया/देहरादून
मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जिम कॉर्बेट टाइगर रिजर्व में सफारी का लुत्फ उठाया। इस दौरान उन्होंने यहां पर्यटकों से भी बातचीत की।
वाइल्ड लाइफ ड्रेस पहने सीएम धामी ने यहां पर्यटकों से उनके सुझाव भी लिए। रामनगर पहुंचे सीएम धामी ने शुक्रवार को कॉर्बेट पार्क झिरना फॉरेस्ट रेंज में सफारी की। उन्होंने यहां गेट

पर ही खड़े पर्यटकों का अभिवादन स्वीकार किया। पार्क के भीतर हिरन, टाइगर देख वह रोमांचित हुए। मुख्यमंत्री ने यहां पर्यटकों के साथ टाइगर पर्यटन की चर्चा की।
सीएम धामी ने यहां हाथियो को भोजन भी खिलाया। उन्होंने कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के निदेशक डा धीरज पांडेय के साथ कॉर्बेट टाइगर प्रशासनिक प्रबंध के विषय में भी जानकारी हासिल की और खास तौर पर कॉर्बेट से लगे गांवों के बारे चिंता करते हुए वहां सामुदायिक रोजगार शुरू करने और उनके उत्पादों की मार्केटिंग करने के लिए भी कहा।

बाढ़ का कहर अब तक 91 मौतें; एक्सपर्ट बोले- लहोनक में बहुत पानी, दोबारा बाढ़ आ सकती है

सिक्किम की बाढ़ में बहकर बंगाल पहुंचे मोर्टार डिफ्यूज किए

खतरा बरकरार

टीम एक्शन इंडिया/गंगटोक
सिक्किम में 3 अक्टूबर को बादल फटने और लहोनक झील टूटने से तीस्ता नदी में भयानक बाढ़ आई थी। इस बाढ़ की चपेट में सेना का बुदरांग डिपो भी आ गया था। बाढ़ के पानी में बहकर पड़ोसी राज्य बंगाल पहुंचे मोर्टार को सेना ने नष्ट कर दिया है। 2 दिन में करीब 36 मोर्टार डिफ्यूज किए गए हैं। क्रांति पुलिस चौकी प्रभारी मंसूरुद्दीन ने कहा कि पुलिस और सेना की टीम ने 16 मोर्टार बरामद किए। इसके बाद उन्हें चेंगमारी में डिफ्यूज कर दिया

गया। उधर, विशेषज्ञों ने दावा किया है कि लहोनक झील में अब भी बाढ़ का खतरा मंडरा रहा है। इनका दावा है कि झील के निचले हिस्से में एक और ग्लेशियर झील में विस्फोटक बाढ़ आ सकती है।

लहोनक झील में अब भी बहुत पानी बाकी : रिपोर्ट के मुताबिक भारतीय विज्ञान संस्थान के दिवेचा सेंटर फॉर क्लाइमेट चेंज के ग्लेशियोलॉजिस्ट के मुताबिक बर्फ का एक बड़ा टुकड़ा ग्लेशियर से झील में गिर गया होगा, जिससे

8 सभी सुविधाओं तक दिव्यांग जनों की पहुंच बनाने के लिए उपयुक्त साइनेज लगाया जाएगा

लहरें बनीं और बाढ़ आई। इससे मोराइन बांध टूट गया, जिससे ग्लॉब बन गया। 4 अक्टूबर को हुए इस हादसे में लगभग 91 लोग मारे गए और कई अभी भी लापता हैं, लेकिन झील में अभी भी बहुत सारा पानी बचा हुआ है। ग्लेशियोलॉजिस्ट और साइंटिस्ट अनिल कुलकर्णी ने कहा कि खतरा टला नहीं है।